कोटद्वार, शनिवार
22 जून 2024
वर्षः 46
अंकः 60 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com


## एक नजर

### मानसून को देखते केदारघाटी से वापस लौटी 6 हेली कंम्पनियां

रुद्रप्रयाग । केदारनाथ धाम के लिए संचालित होने वाली हेलीकॉप्टर कम्पनियां मानसून को देखते हुए वापस लौटने लगी है। शुक्रवार को 6 हेली कम्पनियां दोपहर 12 बजे बाद वापस लौट गई है। जबकि ट्रांस भारत और हिमालय हेली अभी मौजूद है। जनपद में बरसाती मौसम को देखते हुए हेलीकॉप्टर कम्पनियां सुरक्षा के साथ ही यात्रियों की संख्या में कमी को देखते हुए वापस लौटने लगी है। शुक्रवार को आर्यन, पवन हंस, केस्टल, थुम्बी, ग्लोबल वेक्ट्रा, ऐरो हेली सेवाएं बंद हो गई है। इन हेलीकॉप्टरों ने शुक्रवार 12 बजे तक सेवाएं दी। जबकि इसके बाद सामान समेटते हुए वापस लौट गई है। हेलीकॉप्टर के नोडल अधिकारी राहुल चौबे ने बताया कि ट्रांसभारत और हिमालय हेली बरसात में भी सेवाएं देती रहेंगी। अन्य छह कम्पनियां वापस लौट गई हैं।

### चेक बाउंस के मामले में अभियुक्त को 6 माह की सजा

हल्द्वानी। चेक बाउंस के मामले में सिविल जज(सीनियर डिवीजन) न्यायिक मजिस्ट्रेट हल्द्वानी ज्योति बाला ने यूपी के अमरोहा स्थित राहरा गांव नियर एसबीआई निवासी रितेश कुमार को 6 माह साधारण कारावास और 10 हजार अर्थदंड की सजा सुनाई है। अदालत ने चैकों की कुल धनराशि हर्जाने के साथ 3 लाख की रकम परिवादी को अदा करने के आदेश दिए हैं। वर्ष 2020 में आरोपी रितेश कुमार ने अपने जरूरी कार्य के लिए ग्राम जशोधापुर कोटद्वार निवासी अरुण देवरानी से 2,90,000 हजार रुपये की रकम उधार ली। एवज में उसे दो चेक दिए। चेक बाउंस होने पर अरुण ने आरोपी पर साल 2021 में मुकदमा दर्ज कराया। पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्य व गवाहों के बयानों के आधार पर न्यायालय ने परिवादी की अधिवक्ता सुचित्रा बेलवाल की ओर से दी गई नजीरों को न्यायालय ने सही माना और आरोपी पर दोषसिद्ध किया।

### पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने किया गंगा स्नान

हरिद्वार। हरिद्वार में पूर्णिमा पर शुक्रवार को हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान किया। हरकी पैड़ी पर ब्रह्म मुहूर्त से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। दोपहर में हरकी पैड़ी और आसपास के गंगा घाट श्रद्धालुओं से भरे रहे। मां गंगा का अभिषेक कर श्रद्धालुओं ने दान–पुण्य कर सुख–समृद्धि एवं शांति की प्रार्थना की।शास्त्रों में पूर्णिमा स्नान का बड़ा महत्व है। शुक्रवार को दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के श्रद्धालु को हरिद्वार पहुंचे। पूर्णिमा पर गंगा स्नान करने के अलावा हजारों श्रद्धालु पितरों का पिंडदान करने पहुंचे। हरकी पैड़ी, सुभाष घाट, मालवीय घाट और शिव घाटों पर विधि–विधान से पिंडदान हुए। वहीं, स्नान करने के बाद अधिकतर श्रद्धालु संध्याकालीन गंगा आरती में शामिल हुए। आरती शुरू होने से पहले ही मालवीय घाट का प्लेटफार्म श्रद्धालुओं से भर गया।

### झमाझम बारिश से दून और मसूरी में मौसम सुहावना

देहरादून। देहरादून और मसूरी में शुक्रवार दोपहर बाद झमाझम बारिश हुई। हालांकि दून के कुछ हिस्सों में ही एक दौर की तेज बारिश हुई। कई इलाकों में हल्की बारिश और बूंदाबांदी ही शाम तक हुई। बारिश के बाद दून और मसूरी का मौसम सुहावना हो गया है। दून में दिन में तापमान 36.8 डिग्री सेल्सियस चल रहा था, जो बारिश के बाद 24.4 डिग्री तक गिर गया था। दून में बुधवार को अच्छी बारिश हुई थी, हालांकि गुरुवार को बारिश नहीं होने से गर्मी महसूस की जा रही थी।

शुक्रवार को दिन की तेज धूप के बाद अचानक ढाई बजे आसमान बादलों से घिर गया। मसूरी में बारिश होने के बाद दून के कई हिस्सों में ठंडी हवा चलने लगी। तीन बजे बाद देहरादून में भी बारिश शुरू हो गई। करीब आधे घंटे में ही दून में 2.5 मिमी. बारिश दर्ज की गई।

इधर, मसूरी में बारिश के साथ तेज हवाएं चलने से दिन की गर्मी से पूरी तरह राहत मिली गई। यहां दोपहर में तापमान 28 डिग्री तक गया था, जो बारिश के बाद 18.1 डिग्री पर पहुंच गया। मौसम सुहावना होते ही मसूरी में बड़ी संख्या में देशी–विदेशी पर्यटक छाता लेकर सड़कों पर घूमने निकल गए।

## केजरीवाल को झटका, हाईकोर्ट ने जमानत पर लगाई रोक

● एक दिन पहले ही स्पेशल कोर्ट से मिली थी बेल



नई दिल्ली ,शराब घोटाले मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को निचली अदालत से मिली जमानत पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। हाईकोर्ट ने मामले की सुनवाई तक जमानत पर रोक लगाई है। ईडी ने केजरीवाल की जमानत पर रिहाई के आदेश को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी है। ईडी ने अपनी एसएलपी में कहा है कि जांच के महत्वपूर्ण पड़ाव पर केजरीवाल को रिहा करने से जांच पर असर पड़ेगा क्योंकि केजरीवाल मुख्यमंत्री जैसे अहम पद पर हैं।

इस पर हाईकोर्ट ने केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी की उस दलील को ठुकरा दिया है, जिसमें कहा गया कि याचिका पर जल्द सुनवाई की जरूरत नहीं है। इस बीच जस्टिस सुधीर जैन ने कहा कि जब तक हाईकोर्ट में सुनवाई लंबित है, तब तक निचली अदालत का आदेश प्रभावी नहीं होगा। बता दें केजरीवाल को एक दिन पहले गुरुवार को ही निचली अदालत से जमानत मिली थी, जिसके विरोध में ईडी ने दिल्ली हाईकोर्ट का रुख किया था। बता दें कि इस मामले पर जस्टिस सुधीर कुमार जैन और रविंदर डुडेजा की अवकाश पीठ सुनवाई कर रही है। ईडी की तरफ से पेश वकील ने कहा कि निचली अदालत में हमें इस मामले पर बहस करने के लिए पर्याप्त समय नहीं दिया गया। एएसजी राजू ने कहा कि हमें लिखित में जवाब दाखिल करने तक का समय नहीं दिया गया। यह बिल्कुल भी उचित नहीं है। ईडी ने पीएमएलए की धारा 45 का हवाला दिया है। एएसजी राजू ने कहा कि हमारा मामला काफी मजबूत है. उन्होंने सिंघवी की मौजूदगी का विरोध किया।

इससे पहले ईडी के वकील ने आज ही हाईकोर्ट से जल्द सुनवाई की मांग की थी। ईड की तरफ से एएसजी राजू और वकील जोएब हुसैन हाईकोर्ट मे मौजूद रहे। दिल्ली हाईकोर्ट में केजरीवाल की तरफ से अभिषेक मनु सिंघवी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मौजूद रहे।

### जल्द बजेगा फिर चुनावी बिगुल, ईसी ने वोटर लिस्ट मुकम्मल करने का दिया आदेश

नई दिल्ली ,महाराष्ट्र, झारखंड, हरियाणा और जम्मू–कश्मीर में इस साल विधानसभा चुनाव होने हैं। इन चुनावों की तैयारियां तेज हो गई हैं। चुनाव आयोग ने इन राज्यों को निर्देश जारी कर कहा है कि 20 अगस्त तक वोटर लिस्ट का काम मुकम्मल करें। ऐसी उम्मीद की जा रही है कि वोटर्स डेटा अपडेशन के बाद चुनाव आयोग इन चारों राज्यों में चुनाव की तारीखों का ऐलान कर सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को जम्मू–कश्मीर में इसी साल सितंबर तक चुनाव कराने का निर्देश दिया है।

शुक्रवार को एक बयान में चुनाव आयोग ने कहा कि मतदान केंद्रों के स्थानों को अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए उन्हें तर्कसंगत बनाने सहित स्पेशल समरी रिविजन एक्सरसाइज 25 जून से शुरू होगी। मतदाता सूची को 1 जुलाई की कट–ऑफ तारीख के साथ अपडेट किया जाएगा। चुनाव आयोग ने कहा कि चुनाव वाले राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में (हरियाणा, झारखंड, महाराष्ट्र और जम्मू–कश्मीर) ड्राफ्ट नामावली 25 जुलाई को प्रकाशित की जाएगी, जिसके बाद मतदाताओं के पास 9 अगस्त तक दावे और आपत्तियां दर्ज करने का मौका है।

## सुप्रीम कोर्ट ने काउंसलिंग की प्रक्रिया पर रोक लगाने से फिर किया इन्कार

एनटीए से मांगा जवाब



नई दिल्ली ,सुप्रीम कोर्ट ने फिर से नीट–यूजी– 2024 काउंसलिंग की प्रक्रिया पर रोक लगाने से फिर इनकार कर दिया है और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी को नोटिस जारी किया है। सुप्रीम कोर्ट ने नई याचिकाओं को लंबित याचिकाओं के साथ जोड़ते हुए उन्हें 8 जुलाई को सुनवाई के लिए तय किया है। पिछले हफ्ते भी मामले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने काउंसलिंग पर रोक से इनकार कर दिया था।

इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट ने नीट–यूजी 2024 में कथित अनियमितताओं की सीबीआई से जांच कराने के अनुरोध वाली याचिकाओं पर पिछले सप्ताह केंद्र एवं एनटीए से जवाब मांगा था।


केंद्र तथा एनटीए ने 13 जून को सुप्रीम कोर्ट को अवगत कराया था कि उसने एमबीबीएस और ऐसे अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए परीक्षा देने वाले 1,563 अभ्यर्थियों को दिए गए कृपांक रद्द कर दिए हैं।

केंद्र ने यह भी कहा कि ऐसे अभ्यर्थियों के पास या तो दोबारा परीक्षा देने या नष्ट हुए समय की क्षतिपूर्ति के लिए उन्हें दिए गए कृपांकों को छोडने का विकल्प होगा। नीट–यूजी परीक्षा पांच मई को 4,750 केंद्रों पर आयोजित की गई थी और इसमें लगभग 24 लाख उम्मीदवारों ने भाग लिया था। परिणाम 14 जून को घोषित होने की उम्मीद थी, लेकिन उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पहले पूरा हो जाने के कारण इसे चार जून को ही घोषित कर दिया गया।

पेपर लीक आरोपों के कारण कई शहरों में विरोध प्रदर्शन हुए और सात उच्च न्यायालयों और सर्वोच्च न्यायालय में मामले दायर किए गए। कथित अनियमितताओं की जांच की मांग को लेकर 10 जून को दिल्ली में बड़ी संख्या में छात्रों ने विरोध प्रदर्शन किया। एनटीए के इतिहास में अभूतपूर्व रूप से 67 छात्रों ने 720 अंक प्राप्त किए, जिनमें हरियाणा के फरीदाबाद के एक ही केंद्र के छह छात्र शामिल हैं। इसके बाद परीक्षा को लेकर संदेह पैदा हो गया।

## ऋषिकेश पहुंचे सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत का जोरदार स्वागत

–क्षेत्र के विकास में नहीं आएगी कोई बाधाः त्रिवेंद्र रावत



ऋषिकेश। भाजपाइयों ने ऋषिकेश पहुंचे हरिद्वार के नवनिर्वाचित सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत का जोरदार स्वागत किया। सांसद ने क्षेत्रवासियों का आभार जताया और कहा कि क्षेत्र का विकास ही उनकी प्राथमिकता में शामिल है। शुक्रवार को वीरभद्र में भाजपा कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें नवनिर्वाचित सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत के ऋषिकेश आगमन पर उ01का स्वागत किया गया।

भाजपा जिलाध्यक्ष रविंद्र राणा ने कहा कि त्रिवेंद्र सिंह रावत ने मुख्यमंत्री रहते हुए भी कई विकास कार्य किए हैं। अब वे क्षेत्र के नए सांसद बने हैं, जिससे क्षेत्रवासियों को विकास की उम्मीद है। कार्यक्रम में पहुंचे वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि भाजपा राज में लगातार विकास हो रहा है, जिससे जनता खुश है और फिर से एक बार भाजपा के सांसद का निर्वाचन किया है। सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि क्षेत्र की जनता का मैं बहुत आभारी हूं। क्षेत्र के विकास में कोई बाधा नहीं आने दी जाएगी। हमें अपने देश और राष्ट्र को विश्व पटल पर आगे ले जाना है। मौके पर शमशेर सिंह पुंडीर, करन बोहरा, भगवान सिंह पोखरियाल, अनीता ममगाईं, दीपक धमीजा, प्रतीक कालिया, मनोज ध्यानी, कविता शाह, सुरेंद्र सिंह सुमन, निर्मला उनियाल, तनु तेवतिया, गौरव कैथोला, संदीप गुप्ता, दिनेश सती, पंकज शर्मा, बृजेश शर्मा, रोमा सहगल आदि उपस्थित रहे।

### अधीर रंजन चौधरी ने छोड़ा बंगाल कांग्रेस का अध्यक्ष पद

कोलकाता । अधीर रंजन चौधरी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने की घोषणा की। शुक्रवार दोपहर कांग्रेस कमेटी की राज्य इकाई की बैठक के बाद चौधरी ने इस्तीफे की घोषणा की। यह बैठक हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनावों में पश्चिम बंगाल में पार्टी के खराब प्रदर्शन की समीक्षा के लिए बुलाई गई थी।

हालांकि, कांग्रेस नेतृत्व की ओर से इस बात की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है कि उनका इस्तीफा स्वीकार किया गया है या नहीं। चौधरी ने कहा, जब से मल्लिकार्जुन खड़गे कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने हैं, तब से पार्टी का राज्य अध्यक्ष नहीं था। अब जब पूर्णकालिक अध्यक्ष की नियुक्ति होगी, तो आप सभी को पता चल जाएगा। उन्होंने इस्तीफे की घोषणा कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य और पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री पी चिदंबरम के राज्य सचिवालय नबन्ना में आने और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ बैठक करने के एक दिन बाद की। मुर्शिदाबाद जिले के बहरामपुर निर्वाचन क्षेत्र से पार्टी के पांच बार के लोकसभा सदस्य रहे चौधरी को इस बार तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार और भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सदस्य यूसुफ पठान ने हराया।

## आदि कैलाश से मुख्यमंत्री धामी ने दिया योग का संदेश

● पीएम मोदी के विजन से सीमांत गांवों की बदल रही तस्वीर ● अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भगवान शंकर की पवित्र भूमि आदि कैलाश में किया गया योगाभ्यास



**जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून** : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने समुद्रतल से लगभग 15 हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित आदि कैलाश में योग कर पूरे विश्व के शिवभक्तों को आदि कैलाश दर्शन का निमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन से आज सीमांत के गांवों की तस्वीर बदल रही है। प्रधानमंत्री मोदी के पार्वतीकुण्ड आदि कैलाश के दर्शन के बाद व्यास घाटी में आदि कैलाश, ॐ पर्वत, कैलाश दर्शन, काली मंदिर, व्यास गुफा आदि तीर्थ स्थलों के दर्शन को हर रोज बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भगवान शिव की प्रवास स्थली में योग कर दुनिया के सैलानियों और तीर्थयात्रियों को आदि कैलाश के साथ ही इस समूची व्यास घाटी की यात्रा का न्योता देने के साथ ही स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने की अपेक्षा की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत द्वारा विश्व को दी गई 'योग' रूपी अमूल्य धरोहर से आज करोड़ों लोग लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने इस अवसर पर सभी से शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक शक्ति हेतु योग को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करने एवं अन्य लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने की भी अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि नैसर्गिक प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण सीमांत जनपद पिथौरागढ़ के सुदूर क्षेत्र में स्थित देवाधिदेव महादेव को समर्पित श्री आदि कैलाश और ओम पर्वत का अद्भुत वातावरण मन में भक्ति, शक्ति और असीम ऊर्जा का संचार करता है। पर्वत राज हिमालय की गोद में बसे गुंजी, कुटी और नाभीढांग गांव जहां व्यास घाटी की संस्कृति, परंपरा और विरासत को अपने आंचल में समेटे हुए हैं तो वहीं शिव-पार्वती मंदिर, गौरीकुंड, पार्वती सरोवर, व्यास गुफा और पाण्डव पर्वत सनातन धर्म की अनंत ऊर्जा का परिचय कराते हैं। योग दिवस पर मुख्यमंत्री ने आदि कैलाश में योग कर देश दुनिया के तीर्थयात्रियों को आदि कैलाश, ॐ पर्वत और पार्वती सरोवर के दर्शन का निमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री का यह आह्वान मानसखण्ड मन्दिरमाला मिशन अभियान को आगे बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा।

### पर्यटकों से गुलजार चीन बॉर्डर से सटे इलाके

पिथौरागढ़ के सीमांत इलाके इन दिनों देश दुनिया के सैलानियों से गुलजार हैं। आदि कैलाश, पार्वती सरोवर और ॐ पर्वत के दर्शन को हर रोज बड़ी संख्या में पर्यटक और तीर्थयात्री पहुंच रहे हैं। पिथौरागढ़ से लेकर ज्योलिंगकांग तक होटल और होम स्टे यात्रियों और पर्यटकों से पैक हैं। आदि कैलाश, पार्वती सरोवर, गौरी कुंड, ओम पर्वत देखकर यात्री अभिभूत हैं। हर रोज बस, टैक्सी और निजी वाहनों से ही नहीं बल्कि दोपहिया वाहनों से भी बड़ी संख्या में पर्यटक और तीर्थयात्री धारचूला पहुंच रहे हैं।

## नीट पेपर लीक मामला : तेजस्वी यादव के पीएस से होगी पूछताछ



नई दिल्ली ,नीट पेपर लीक मामले में तेजस्वी यादव के प्राइवेट सेकेट्री प्रीतम कुमार से पूछताछ होगी। आर्थिक अपराध इकाई उसे तलब करने की तैयारी कर रही है। बताया जा रहा है कि ईओयू प्रीतम से पूछताछ के लिए उसे दफ्तर बुलाएगी और वहीं पूछताछ करेगी। पेपर लीक के किंग पिन सिकंदर कुमार यादवेंदु से प्रीतम कुमार के डायरेक्ट कनेक्शन के कई तथ्य सामने आए हैं। नीट पेपर लीक होने के बाद सिकंदर यादवेंदु के लिए सरकारी गेस्ट हाउस बुक कराने से लेकर उसकी पोस्टिंग तक में प्रीतम कुमार की भूमिका सामने आ रही है। लिहाजा इओयू उससे पूछताछ करने की तैयारी में है। पेपर लीक मामले में बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने भी कई तथ्य सामने रखते हुए सिकंदर के लालू से भी डायरेक्ट कनेक्शन की बात कही है।

नीट परीक्षा मामले पर बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि ये बहुत गंभीर विषय है और निश्चित तौर पर इसकी उच्च स्तरीय जांच हो। क्योंकि ये मामला यहां के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव से जुड़ा है। उनके क्स् रूम बुक कराते हैं और अनुराग यादव को ठहराते हैं। ये दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है। विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि 1 मई को तेजस्वी यादव के निजी सचिव प्रीतम कुमार ने गेस्टहाउस कर्मी प्रदीप कुमार को फोन कर सिकंदर कुमार यादवेंदु के लिए कमरा बुक करने को कहा था।

विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि 4 मई को प्रीतम कुमार ने प्रदीप कुमार को कमरा बुक करने के लिए फिर से फोन किया। तेजस्वी यादव के लिए ह्यमंत्रीह्न शब्द का इस्तेमाल किया गया। उन्होंने कहा कि पूरा परिवार घोटालों से भरा हुआ है। पिता लालू यादव चारा घोटाला और पुत्र तेजस्वी यादव नीट पेपर घोटाला। तेजस्वी यादव के सिकंदर के लिए गेस्ट हाउस बुक कराया।

### चरणजीत सिंह चन्नी का मान सरकार पर बड़ा हमला, केजरीवाल पर कसा तंज

चंडीगढ़ , कांग्रेस नेता और पंजाब के पूर्व सीएम चरणजीत सिंह चन्नी ने आम आदमी पार्टी पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले आप पार्टी के नेता मीटिंग करते हैं, लेकिन इनसे किसी भी समस्या का समाधान नहीं हो पाता। साथ ही उन्होंने अरविंद केजरीवाल की रिहाई पर हाई कोर्ट से रोक लगने के बाद चुटकी ली। चन्नी ने कहा कि आज पंजाब के पश्चिमी इलाके में गंदा पानी आ रहा है। दो साल हो गए, आप पार्टी की सरकार को सत्ता में आए, लेकिन इनकी सरकार ने किसी भी ट्यूबवेल की मरम्मत नहीं की। इलाके का पानी इतना गंदा है कि कोई इससे नहा भी नहीं सकता, पीने की बात तो दूर।

चन्नी ने कहा कि इसी तरह गलियों में सीवरेज का गंदा पानी बह रहा है। आप पार्टी को चाहिए था कि सवा दो साल में वह जनता के लिए कुछ बेहतर सोचे, लेकिन मान सरकार ने ऐसा नहीं किया। चन्नी ने कहा कि अब इस पार्टी के नेताओं को हराने का समय आ गया है। चन्नी ने कहा कि दो साल में इनकी सत्ता के दौरान लूटपाट, नशा सहित कई बुरे काम काफी बढ़ गए हैं, लेकिन इनका लॉ एंड ऑर्डर पूरी तरह फेल है।

## बेटी सोनाक्षी की शादी से पहले होने वाले दामाद जहीर से मिले शत्रुघ्न सिन्हा, लगाया गले



मुंबई ,सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल दो दिन बाद यानी 23 जून को शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। ऐसे में तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। इन सब के बीच खबरें थी कि एक्ट्रेस के पापा, अभिनेता–राजनेता शत्रुघ्न सिन्हा इस शादी से खुश नहीं हैं और वो शादी में शामिल नहीं होंगे। इन सभी अफवाहों पर शत्रुघ्न सिन्हा ने विराम लगा दिया है। शत्रुघ्न सिन्हा और उनके होने वाले दामाद जहीर इकबाल को पहली बार एक साथ देखा गया। इस दौरान उन्होंने फोटोग्राफरों को कई पोज भी दिए।

दिग्गज स्टार ने जहीर इकबाल को आशीर्वाद भी दिया। कई क्लिप में दोनों एक–दूसरे के गले लगते नजर आए। शत्रुघ्न सिन्हा इस दौरान काफी खुश नजर आए। एक कैमरामैन के अनुरोध पर उन्होंने ह्यखामोशह्न भी कहा। जहीर और शत्रुघ्न के अलावा, सोनाक्षी भी स्पॉट हुईं। फोटोग्राफरों ने उनसे बात करने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने किसी सवाल का जवाब नहीं दिया। वह कार से उतरी और सीधे बिल्डिंग की ओर चली गई।

इस दौरान वे कैजुअल आउटफिट में नजर आईं। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया कि शादी को लेकर दिग्गज एक्टर काफी नाराज हैं। जब उनसे बेटी सोनाक्षी की शादी की खबर को लेकर पूछा गया, तो उन्होंने इसकी जानकारी ना होने की बात कही। कहा जा रहा था कि शत्रुघ्न सिन्हा इस शादी में शामिल नहीं होंगे। हालांकि, उन्होंने इन सभी दावों को खारिज कर दिया। सोनाक्षी और जहीर 23 जून को कोर्ट मैरिज करेंगे, इसके बाद मुंबई में शिल्पा शेट्टी के हाई–प्रोफाइल रेस्टोरेंट बैस्टियन में ग्रैंड रिसेप्शन पार्टी होस्ट करेंगे।

## श्रीनगर में स्टार्टअप से जुड़े युवाओं ने की पीएम मोदी से मुलाकात



श्रीनगर ,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन तक जम्मू–कश्मीर में थे। यहां उन्होंने युवाओं का सशक्तिकरण, जम्मू–कश्मीर में बदलाव कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने उन युवाओं से बात की जो स्टार्टअप चला रहे हैं। प्रधानमंत्री ने उनके साथ विस्तारपूर्वक बातचीत की। अधिकांश युवाओं ने बताया कि उनके यहां उत्पादन होने वाले अधिकांश उत्पाद ऑर्गेनिक हैं। कुछ युवाओं ने प्रधानमंत्री से कहा कि जिस तरह से आप अपनी चुनावी रैलियों में मोदी की गारंटी के दावे करते हैं, ठीक उसी तरह हम भी अपने उत्पाद में अपने ग्राहकों को गारंटी के दावे करते हैं। हम यह बात ताल ठोककर करते हैं कि अगर हमारे उत्पाद में किसी भी प्रकार की खामी आ जाए, तो आप उसे वापस कर सकते हैं। हम ग्राहकों के पैसे भी वापस कर देते हैं, लेकिन हमारे उत्पाद में किसी भी प्रकार की कोई खामी नहीं होती है, यह हमारा दावा और विश्वास है। इस बीच श्रीनगर के युवाओं ने प्रधानमंत्री से कहा कि आप देश के युवाओं को बहुत प्रेरित करते हैं। हम लोग आप से प्रेरणा लेकर अब स्टार्टअप शुरू कर रहे हैं। इस स्टार्टअप ने हम जैसे अनेक युवाओं को आत्मनिर्भर बनाया है। आपके नेतृत्व में शुरू की गई इस अवधारणा का हम स्वागत करते हैं।

स्टार्टअप से जुड़ी एक महिला ने बताया कि वो पुलवामा से आती हैं। पुलवामा में कई ऐसी महिलाएं हैं, जिनके अंदर प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। मैं उनकी प्रतिभा का इस्तेमाल कर अपना स्टार्टअप चलाती हूं, जिससे मुझे बहुत आय प्राप्त होती है। स्टार्टअप के कार्य से जुड़े एक युवा ने प्रधानमंत्री से कहा कि वह एक ऐसा जैकेट बना रहे हैं, जो कि सियाचिन जैसी सीमा पर तैनात हमारे जवानों के लिए काफी लाभप्रद साबित हो सकता है। हमारे यहां पहले ऐसे जैकेट नहीं बनाए जाते थे। इससे पहले प्रधानमंत्री ने कहा कि जनता को हमसे बहुत उम्मीदें हैं। इन्हीं उम्मीदों का नतीजा है कि आज हम तीसरी दफा सरकार बनाने में सफल हुए।

### काशी विश्वनाथ मंदिर में स्थानीय लोगों के लिए अलग गेट, जल्द शुरू होगी व्यवस्था

वाराणसी । काशी विश्वनाथ मंदिर में बाबा विश्वनाथ के दर्शन करने वाले भक्तों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। इसी को देखते हुए काशीवासियों के लिए अलग से दर्शन की व्यवस्था की जा रही है। काशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्रा ने बताया कि जल्द ही काशीवासियों के लिए नई व्यवस्था शुरू होने जा रही है। मंदिर प्रशासन की ओर से काशीवासियों के लिए एक अलग गेट और लाइन शुरू करने पर मंथन किया जा रहा है। मंदिर समिति की बैठक में जल्द ही फैसला किया जाएगा। दरअसल, काशी के लोगों के लिए बाबा विश्वनाथ के दर्शन के लिए अलग द्वार की मांग पिछले कुछ समय से तेज हो चुकी है।

## यात्रियों को ले जा रही बस पलटी, 4 की मौत, 3 की हालत गंभीर

शिमला ,हिमाचल के शिमला जिला के जुब्बल में आज सुबह हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम की एक बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इसमें चार लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे है। घायलों को उपचार के लिए रोहड़ू अस्पताल लाया गया है।

हादसे के वक्त ड्राइवर–कंडक्टर समेत बस में कुल 7 लोग सवार थे। इनमें से बस ड्राइवर कर्म दास पुत्र भोगी राम गांव कुडू जुब्बल, कंडक्टर राकेश पुत्र शिव राम गांव धरकोटी बिलासपुर, बिरमा देवी (62 साल) पत्नी अमर सिंह निवासी धांसर गांव और धनशाह ( 52) नेपाल की मौत हुई है, जबकि जयेंद्र सिंह रांगटा (63), दीपिका (25) पुत्री संजय ठाकुर निवासी गिल्टाड़ी और हस्त बहादुर घायल हैं। जानकारी के अनुसार, एचआरटीसी के रोहड़ू डिपो की बस सुबह 7 बजे जुब्बल के कुडू से गिल्टाड़ी के लिए निकली थी। कुडू से यह बस मुश्किल से 3 किलोमीटर आगे पहुंचने के बाद चौरी कैंच में हादसे का शिकार हो गई और ढांक से करीब 100 मीटर नीचे दूसरी सडक़ पर जा गिरी। यह बस पहाड़ी के ऊपर वाली सडक़ से गिरने के बाद निचली सडक़ पर रुकी, जहां आधी बस हवा में बाहर लटक गई।

यहां से बस खाई में गिरी होती तो हादसा और भी भीषण हो सकता था। स्थानीय प्रशासन ने लोकल लोगों और पुलिस की मदद से घायलों को रोहड़ू अस्पताल पहुंचाया।

## संपादकीय

# वृक्ष संरक्षण को जन आंदोलन की जरूरत

उत्तराखंड में इस बार गर्मी ने जो अपना प्रकोप दिखाया है उसके बाद यह एक बहस शुरू हो चुकी है कि अधिक से अधिक संख्या में वृक्ष लगाएं जाए। कहने और सुनने में यह बेहद आसान और सरल सा उपाय लगता है जो पर्यावरण को बचाने की सबसे बड़ी पहल हो सकती है। पेड़ लगाना एक अलग बात है और बचे हुए पेड़ों को संरक्षित करना अलग। स्थिति उत्तराखंड में बिल्कुल विपरीत चल रही है, जहां विकास के नाम पर बेहद निर्दयता के साथ पेड़ों की बलि चढ़ाई जा रही है। राजधानी देहरादून से लेकर उत्तराखंड के दूसरे बड़े नगरों में सड़कों के चौड़ीकरण का खामियाजा पेड़ों को काटने के तौर पर नजर आ रहा है। स्थिति इतनी बिगड़ गई है की आम व्यक्ति भी सड़कों के चौड़ीकरण एवं विकास के नाम पर किए जा रहे वृक्षों के कटान को लेकर आंदोलन के मूड में नजर आने लगा है। मई और जून के महीने में उत्तराखंड के मैदानी क्षेत्रों ने जिस प्रकार की गर्मी और 40 डिग्री पार का टेंपरेचर देखा है उसने यहां के पर्यावरण के भविष्य को लेकर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। भयावह स्थिति के बावजूद भी लगता है कि सरकार अभी यहीं पर रुकने वाली नहीं है और सड़कों के चौड़ीकरण को लेकर अभी ना जाने कितने और पेड़ों की बलि देने के लिए तैयारी की जा रही है। अभी हाल ही में देहरादून के सहस्त्रधारा मार्ग को वृक्ष विहीन कर दिया गया तो वहीं खलांगा के जंगलों को भी काटने की तैयारी नजर आने लगी थी लेकिन व्यापक विरोध के बाद फिलहाल इस कार्य को रोक दिया गया। हालांकि अभी आगे की स्थिति स्पष्ट नहीं है लेकिन खलांगा से उत्तरकर सड़कों के चौड़ीकरण की योजना अब दूसरी सड़कों के किनारे लगे पेड़ों को निगलने लने की तैयारी में है। चर्चा है कि दीलाराम बाजार से मुख्यमंत्री आवास तक जाने वाली न्यू कैंट रोड को चौड़ा करने का काम किया जाना है जिसके लिए ढाई सौ पेड़ निशाने पर है। इनमें कुछ पेड़ ऐसे भी बताई जा रहे हैं जो 200 वर्ष से भी पुराने है। सड़कों के किनारे लगे पेड़ों पर नंबरिंग से स्थानीय लोग चिंतित है तो वहीं कुछ पर्यावरण संगठन अब इस हरकतों का विरोध करने का मन बना चुके है। पर्यावरण असंतुलन नजर आने के बाद भी आखिर ना जाने क्यों सरकार हरियाली को नष्ट करने पर तुली हुई है। सड़कों का चौड़ीकरण यदि पेड़ों की बलि ले रहा है तो इसके लिए सरकारी प्रोजेक्ट जिम्मेदार है जिन पर लगाम कसनी जरूरी है। प्रदेश के लोग भी अब यह स्वीकार कर चुके है कि यदि उत्तराखंड की यही स्थिति रही तो आने वाले दिनों में यहां पश्चिमी उत्तर प्रदेश जैसे हालात देखने को मिलेंगे और यदि अभी से इस अंध कटान के खेल को रोका नहीं गया तो फिर भविष्य के लिए भी कोई अच्छे संकेत मिलने वाले नहीं है। हालात स्वयं यह बयान कर रहे हैं की प्रदेश के लोग वृक्षों को बचाने के लिए सड़कों पर उतरने को तैयार हैं। राज्य के अंदर यह हाल तब देखने को मिल रहा है जब यहां वृक्षों को बचाने के लिए "चिपको" आंदोलन जैसा अभियान चलाया गया था, लेकिन शायद पर्यावरण प्रेमी एवं आंदोलनकारी उन लोगों को यह मालूम नहीं था कि एक दिन इस राज्य में आने वाली सरकारी योजनाएं पूरे प्रदेश को नंगा करने की होड में जुट जाएंगी। यही कारण है कि वृक्षों के कटान पर अब तक मौन धारण करने वाली आम जनता सोशल मीडिया हो या फिर दूसरे मंच, वृक्ष संरक्षण पर खुलकर बोलने के लिए सिर्फ तैयार ही नहीं बल्कि सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने के लिए भी कमर कसे बैठी है। किसी भी सरकारी योजना का उद्देश्य न केवल जनहित बल्कि पर्यावरण संतुलन के हित में भी होना चाहिए लेकिन यहां जनहित एवं विकास के नाम पर बाकी बातों को भुलाने का कार्य किया जा रहा है। सिर्फ कागजों एवं बयानबाजियों पर पर्यावरण संरक्षण संभव नहीं है बल्कि इसके लिए पहले से ही हमारे पास उपलब्ध हमारी प्राकृतिक धरोहरों को बचाने की जरूरत है। हरे भरे वृक्षों को विकास के नाम पर काटने का यह पागलपन यदि जल्द बंद नहीं हुआ तो फिर हमें एक ऐसे उत्तराखंड के लिए तैयार रहना होगा जो वृक्ष विहीन तो होगा ही साथ ही अपने पुराने प्राकृतिक स्वरूप को भी सिर्फ इतिहास के पन्नों पर ही महिमा मंडन के तौर पर याद रखा जाएगा। समय आ गया है अब जन आंदोलन का जिसमें अपने वर्तमान एवं भविष्य के लिए हर नागरिक को पहल करने की जरूरत है और किसी भी ऐसी सरकारी योजना, जो पर्यावरण को दूषित या उसका विनाश कर रहा हो, उस पर खुलकर बोलने एवं विरोध करने की जरूरत है।

# विज्ञापन कंबल की दर्शनीय टांगें

**सोनम लववंशी**

**गोरापन बढ़ाने वाली क्रीम तो बीते 54 सालों से भ्रामक विज्ञापनों के सहारे ही बिकती आई हैं। इन क्रीमों से गोरापन भले न मिला हो पर कंपनी को 2400 करोड़ रु पये सालाना का रेवेन्यू जरूर मिल रहा है। ऐसा ही हाल पेय पदार्थों को लेकर है जिनका मार्किट 7500 करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है जबकि सॉफ्ट ड्रिंक का मार्किट 5700 करोड़ होने का अनुमान है। विडंबना देखिए कि जिन पेय पदाथरे को स्वास्थ्यवर्धक बता कर धड़ल्ले से बेचा जा रहा है, वही बीमारियों की वजह बन रहे हैं। जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाली कंपनियों को तो सिर्फ अपना मुनाफा कमाना है जबकि आम जनता लुभावने विज्ञापनों के जाल में उलझी है। वैसे भी कहावत है कि अगर एक झूठ को 100 बार बोला जाए तो जनता उसे सच मान ही लेती है। यही वजह है कि सडक़ से लेकर दीवार तक ऐसा कोई कोना नहीं है, जहां विज्ञापन न चस्पा हो। सुई से लेकर हवाई जहाज तक हर चीज का विज्ञापन दिखाया जाता है। समाचार चैनलों पर तो खबर से ज्यादा विज्ञापन प्रसारित हो रहे हैं।**

बरसों पहले अखबार में छपे एक विज्ञापन को देख कर जुमला कहा गया था ह्वविज्ञापन कंबल की दर्शनीय टांगें, दुकानदार से जाकर हम क्या मांगें !ह्ल आज भी यह बात हर विज्ञापन पर सटीक बैठती है।

बाजारवाद के इस दौर में ऐसी कोई वस्तु नहीं है, जिसका विज्ञापन न किया जाता हो। विज्ञापन बनाने वाली कंपनियां इतनी चालाकी से अपने प्रोडक्ट की नुमाइश करती हैं कि न चाहते हुए भी वो प्रोडक्ट हमारे लिए जरूरी से लगने लगते हैं। यहां तक कि झूठे और भ्रामक विज्ञापनों से भी कोई गुरेज नहीं करतीं, लेकिन बीते दिनों पतंजलि के भ्रामक विज्ञापनों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रवैया अपनाया।

इसके बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय हरकत में आया और विज्ञापन कंपनियों को स्वप्रमाणन–पत्र जारी करने के निर्देश दिए। ऐसे में अगर कंपनियों के प्रोडक्ट में किए गए दावे गलत निकलते हैं, तो न केवल हर्जाना चुकाना होगा, बल्कि कार्रवाई के लिए भी तैयार रहने की बात कही गई है। मंत्रालय द्वारा ऐसे पोर्टल भी तैयार किए जा रहे हैं, जिनमें विज्ञापनदाता स्वप्रमाणन–पत्र अपलोड करेंगे। भ्रामक विज्ञापनों में शामिल चर्चित हस्तियों को भी झूठ में शामिल माना जाएगा। अदालत के सख्त रुख के बाद देर से ही सही पर संबंधित मंत्रालय और व्यवस्थाएं जाग रही हैं वरना तो भ्रामक विज्ञापनों की ऐसी होड़ सी मची हुई है कि स्वयं कामदेव भी दंडवत हो जाए।

गोरापन बढ़ाने वाली क्रीम तो बीते 54 सालों से भ्रामक विज्ञापनों के सहारे ही बिकती आई हैं। इन क्रीमों से गोरापन भले न मिला हो पर कंपनी को 2400 करोड़ रु पये सालाना का रेवेन्यू जरूर मिल रहा है। ऐसा ही हाल पेय पदार्थों को लेकर है जिनका मार्किट 7500 करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है जबकि सॉफ्ट ड्रिंक का मार्किट 5700 करोड़ होने का अनुमान है। विडंबना देखिए कि जिन पेय पदाथरे को स्वास्थ्यवर्धक बता कर धड़ल्ले से बेचा जा रहा है, वही बीमारियों की वजह बन रहे हैं। जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाली कंपनियों को तो सिर्फ अपना मुनाफा कमाना है जबकि आम जनता लुभावने विज्ञापनों के जाल में उलझी है।

वैसे भी कहावत है कि अगर एक झूठ को 100 बार बोला जाए तो जनता उसे सच मान ही लेती है। यही वजह है कि सडक़ से लेकर दीवार तक ऐसा कोई कोना नहीं है, जहां विज्ञापन न चस्पा हो। सुई से लेकर हवाई जहाज तक हर चीज का विज्ञापन दिखाया जाता है। समाचार चैनलों पर तो खबर से ज्यादा विज्ञापन प्रसारित हो रहे हैं। इन विज्ञापनों में इस हद तक अश्लीलता परोसी जाने लगी है कि परिवार के साथ बैठकर टेलीविजन देखना भी दूभर सा हो गया है। न्यूज चैनलों के बीच कॉन्डम का विज्ञापन देखकर लगता है जैसे कोई पोर्न चैनल देख रहे हों। परफ्यूम के विज्ञापन तो ऐसे होते हैं मानो रेप कल्चर को बढ़ावा दे रहे हों। कुल मिला कर देखा जाए तो महिलाओं को विज्ञापन के केंद्र में रखकर नारी देह को अश्लील तरीके से परोसा जा रहा है। विज्ञापनों में महिलाओं को कामुक दिखाने का चलन इस कदर बढ़ गया है जैसे नारी सिर्फ उपभोग की वस्तु हो!

कहने को तो हमारे देश में अश्लील प्रदर्शन के विरु द्ध कानूनी प्रावधान हैं, फिर भी उनकी खुलेआम धज्जियां उड़ाई जाती हैं। कोर्ट ने भ्रामक विज्ञापनों पर तो चाबुक चला दी पर विज्ञापनों के माध्यम से परोसी जा रही अश्लीलता को भी संज्ञान में लिया जाना चाहिए। सच है कि वर्तमान दौर में विज्ञापन हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा बन गए हैं, बदलते परिवेश में विज्ञापनों का रंग–रूप भी बदल गया है। एक दूसरे से बेहतर दिखने–दिखाने की चाह में विज्ञापनों में अश्लीलता का ऐसा दौर शुरू हो गया जिसकी कल्पना नहीं की गई थी।

किसी के पास इन सवालों के कोई जवाब नहीं हैं कि ये विज्ञापन ह्वनारी देहह्ल पर ही क्यों केंद्रित होते हैं? आखिर, एक स्त्री किसी पुरुष के अंडरवियर या परफ्यूम पर ही सम्मोहित कैसे हो सकती है? ऐसी क्या वजह है जो उत्पाद की बिक्री बढ़ाने के लिए महिलाओं के अंग प्रदर्शन और झूठ का सहारा लिया जाता है। विज्ञापन कंपनियां महिलाओं को उपभोग की वस्तु दिखाने से क्यों गुरेज नहीं करतीं? ऐसे में सवाल यह भी है कि क्या जिस स्त्री स्वरूप की हमारी संस्कृति में देवी से तुलना की गई है, वो अब इसी की हकदार बची है?

प्रेम और सेक्स कभी भी एक समान नहीं हो सकते और प्रेम और सेक्स को कभी समानांतर आंका भी नहीं जा सकता। लेकिन, विज्ञापनों ने उल्टी गंगा बहाना शुरू कर दिया। उनका एक ही मकसद है, स्त्रियों के कामोत्तेजक हाव–भाव और सम्मोहक अंदाज के जरिए पुरुष दर्शकों को आकर्षित करना। लेकिन, हम पैसे बनाने और किसी ब्रांड को चमकाने के लिए स्त्री की क्या छवि गढ़ रहे हैं? सवाल उस नायिका का भी है, जो ऐसे विज्ञापनों में काम भी सिर्फ पैसे की खातिर कर लेती है। समाज में महिलाओं की स्वच्छ छवि विज्ञापनों के माध्यम से दिखानी होगी। कंपनियों को अपने प्रोडक्ट की गुणवत्ता बढ़ानी होगी ताकि झूठे प्रचार की आवश्यकता ही न पड़े। महिलाओं को भी आगे बढक़र उन विज्ञापनों का विरोध करना होगा जिनमें महिलाओं की छवि को धूमिल किया जा रहा है। भ्रामक विज्ञापनों के मायाजाल को तोडऩा होगा ताकि इनके सम्मोहन से आम जनता को बचाया जा सके।

# आशावाद भी गायब

जहां युवा बेरोजगारी असामान्य रूप से ऊंची हो और खाद्य मुद्रास्फीति लगातार आठ प्रतिशत से ऊपर हो, वहां कैसी जिंदगी की कल्पना की जा सकती है? अप्रैल के जारी ताजा आंकड़ों में भी खाद्य मुद्रास्फीति 8.7 प्रतिशत दर्ज हुई है।

कुवैत में विदेशी मजदूरों के एक रहवास में हुए भयंकर अग्निकांड में मरे 49 लोगों में तकरीबन 40 भारतीय हैं। उधर रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध में भाड़े के सैनिक के तौर पर गए दो और भारतीयों की मौत हो गई है। ये भारतीय उन 30 लोगों से अलग हैं, जिनके परिजनों ने भारत सरकार से संपर्क किया था। मतलब यह कि रूस की तरफ से लडऩे के लिए जिन भारतीयों को बहला–फुसला कर ले जा गया गया, उनकी संख्या उससे कहीं अधिक है, जिसकी जानकारी भारत सरकार और भारत के आम लोगों को रही है। यह खबर तो पहले से बहुचर्चित है कि भारत सरकार ने खुद अपने प्रयास से सैकड़ों देशवासियों को युद्धग्रस्त इजराइल में मजदूरी करने के लिए भेजा। तो मन में पहली नजर में भाव यह उभरता है कि त्रासदी कहीं हो, उससे भारतीयों का कोई ना कोई संबंध निकल आता है। आखिर देश में अवसरों की इतनी कमी और उससे उत्पन्न निराशा इतनी व्यापक क्यों है कि देशवासी कहीं भी जाकर अपनी जान खतरे में डालने के लिए तैयार हो जाते हैं? हम कुछ आंकड़ों पर गौर करें, तो इस बारे में कुछ संकेत पा सकते हैं। मसलन, जहां युवा बेरोजगारी असामान्य रूप से ऊंची हो और खाद्य मुद्रास्फीति लगातार आठ प्रतिशत से ऊपर चल रही हो, वहां आम जन की कैसी जिंदगी की कल्पना की जा सकती है? अप्रैल के जारी ताजा आंकड़ों में भी खाद्य मुद्रास्फीति 8.7 प्रतिशत दर्ज हुई है।कुल आलाम यह है कि सर्वे एजेंसी गैलप के एक विश्वव्यापी आकलन में सामने आया कि भारत में सिर्फ 14 फीसदी कर्मचारियों ने अपनी स्थिति को खुशहाल श्रेणी में रखा। बाकी 86 प्रतिशत कर्मचारियों ने अपनी हालत को संघर्षरत या पीड़ादायक बताया। जबकि अपने को खुशहाल बताने वाले कर्मचारियों का वैश्विक औसत 34 प्रतिशत था। शासक तबकों और उनके संचार माध्यमों की तरफ से इस जमीनी सूरत पर परदा डालने के सुनियोजित अभियान लगातार चलाए जाते हैं। मगर उनसे संकट अब छिपाये नहीं छिप रहा है। अब हाल यह है कि अक्सर चुनावों के बाद दिखने वाला आशावाद भी इस बार गायब ही रहा है।

# ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल

इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से छेड़छाड़ के दावे और सवाल रविवार को एक बार फिर से उठ खड़े हुए। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मीडिया में मुंबई की एक खबर–जिसमें आरोप लगाया गया है कि मुंबई उत्तर पश्चिम लोक सभा सीट से शिवसेना उम्मीदवार के एक रिश्तेदार ने चार जून को मतगणना के दौरान एक मोबाइल फोन का इस्तेमाल किया था जो ईवीएम से जुड़ा हुआ था–का हवाला देते हुए ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाया। हालांकि चुनाव आयोग ने मोबाइल से लिंक के दावे को खारिज कर दिया है, और फिर से स्पष्ट किया है कि ईवीएम स्वतंत्र प्रणाली है, और इसमें सुरक्षा के मजबूत उपाय हैं। राहूल गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स के चेयरमैन एवं टेस्ला के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क के एक पोस्ट का हवाला भी दिया जिसमें मस्क ने दावा किया है कि ईवीएम में छेड़छाड़ का खतरा बहुत अधिक है। उनका कहना है कि ईवीएम को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए हैक किया जा सकता है, इसलिए इसे हटाया जाना चाहिए। इसके बाद राहुल गांधी ने कहा कि ईवीएम एक ब्लैक बॉक्स है, और किसी को भी उसकी जांच की अनुमति नहीं है। इसी प्रकार उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हुए आगामी सभी चुनाव मतपत्रों के जरिए कराने की मांग की है।

# भाजपा, कांग्रेस की तरह अखिल भारतीय पार्टी बनी

**उमेश चतुर्वेदी**

चुनावी चर्चाओं के बीच एक बात पर कम ध्यान है। नतीजों में पिछड़ने के बावजूद भाजपा ने कुछ इलाकों में कुलांचें मारने में सफल भी हुई है। ओडिशा और तेलंगाना के नतीजों की इस संदर्भ में चर्चा हो भी रही है। लेकिन कम से कम तीन राज्य ऐसे हैं, जहां भाजपा का प्रदर्शन ध्यान खींचता है। पंजाब, केरल और तमिलनाडु में उसने बिना किसी बड़े सहारे के जो प्रदर्शन किया है, उससे विरोधियों को चिंतित होना चाहिए। दोबारा जब किसान आंदोलन उभरा था, तो हरियाणा पुलिस ने अंबाला के पास शंभू बॉर्डर पर पंजाब से आते आंदोलनकारी किसानों को रोका था, जो चर्चा का विषय बना था। किसान आंदोलन को लेकर मान लिया गया था कि पूरा पंजाब ही भाजपा के खिलाफ है। सीटों के लिहाज से नतीजे पार्टी के पक्ष में नहीं रहे, लेकिन वोटों के लिहाज से उसने जबरदस्त उछाल मारा है। वाजपेयी की अगुवाई में बने एनडीए के जमाने से भाजपा पंजाब में शिरोमणि अकाली दल के छोटे भाई की भूमिका में रही है। जालंधर, अमृतसर, पटियाला और लुधियाना जैसी शहरी सीटों पर ही वह अकाली दल के सहयोग से चुनाव लड़ती रही है। भाजपा की अपनी राजनीति को सीमित करने के अकाली प्रयास का पहला विरोध नवजोत सिद्धू ने किया। पर वे सफल नहीं हुए और उन्हें कांग्रेस में ठौर तलाशना पड़ा।

किसान आंदोलन के दौरान पंजाब के राजनीतिक माहौल को देखते हुए अकाली दल ने भाजपा से अपनी अलग राह कर ली। इसके बाद भाजपा ने अपने दम पर आगे बढ़ने की सोची। अकालियों के सहयोग से 2019 में चुनाव लड़कर महज 9। 63 प्रतिशत मत हासिल करने वाली भाजपा ने विपरीत हालात में 2024 में 18। 56 प्रतिशत मत पाया है। पंजाब में पार्टी के बारे में कहा जाता रहा है कि वह शहरी हिंदुओं की पार्टी है। राज्य में हिंदू आबादी करीब 38। 5 प्रतिशत है। सत्ताधारी आम आदमी पार्टी और कांग्रेस को महज 25 और 26 प्रतिशत मत ही मिल सके हैं। बहुकोणीय मुकाबले के चलते कांग्रेस सबसे अधिक सीटें जीतने में सफल रही। जो अकाली दल भाजपा को अपना पिछलग्गू बनाने की कवायद में जुटा रहता था, उसे करीब 13 प्रतिशत से ही संतोष करना पड़ा। हां, उसे एक सीट मिली है।

कर्नाटक को छोड़ दें, तो दक्षिण में केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना भाजपा के लिए प्रश्न प्रदेश रहे हैं। तमिलनाडु में द्रविड़ पार्टियों का दबदबा रहा है। अतीत में भाजपा को कभी सफलता मिली भी, तो उसे द्रविड़ पार्टी की खैरात माना गया। पर बिना किसी द्रविड़ राजनीतिक बैसाखी के सहारे पार्टी ने पहली बार 2024 में खुद की जमीन तैयार करने की सोची। अन्नामलाई की अगुआई में पार्टी 11 प्रतिशत से अधिक वोट पाने में सफल रही। राज्य की 39 में से महज 19 सीटों पर ही वह लड़ी थी और चार जगहों पर उसके सहयोगी दल उतरे। साल 2019 में पार्टी को यहां से महज 3। 6 प्रतिशत वोट मिले थे। कांग्रेस इस बार के अपने प्रदर्शन को लेकर भाजपा पर खूब तंज कर रही है। तमिलनाडु में उसे सीटें मिलने का श्रेय गठबंधन को जाता है। लेकिन उसे वोट 10। 78 प्रतिशत ही मिला है, जो भाजपा से कम है। तमिलनाडु से सटे केरल की त्रिशूर सीट पर भाजपा को जीत मिली है। पार्टी को 2019 में राज्य में करीब पंद्रह फीसदी वोट मिले थे, जो इस बार 20 प्रतिशत से ज्यादा है। अनेक सीटों पर उसका जबरदस्त प्रदर्शन रहा। दिलचस्प यह है कि केरल में भाजपा हिंदू समुदाय के बजाय ईसाई समुदाय में पैठ बनाती दिख रही है।

आंध्र प्रदेश में भाजपा की सफलता में तेलुगू देशम का सहयोग शामिल है। लेकिन तेलंगाना की कामयाबी उसकी अपनी है। वहां 2019 में पार्टी को 19। 65 प्रतिशत वोट और चार सीटें मिली थीं, पर इस बार उसे 35। 08 प्रतिशत वोट और आठ सीटें हासिल हुई हैं। यह बड़ी जीत है और वह यहां सत्ताधारी कांग्रेस से मुकाबला कर रही है। कुछ महीने पहले जब तेलंगाना में कांग्रेस की सरकार बनी थी, तो नैरेटिव गढ़ा गया था कि उत्तर भारत के लोग जहां जाति और धर्म के आधार पर वोट डालते हैं, वहीं दक्षिण के लोग मुद्दों पर मतदान करते हैं। इस तरह भाजपा और उसके वोटरों को नीचा दिखाने की कोशिश हो रही थी। दक्षिण और पंजाब जैसे राज्य में भाजपा की बढ़त के संदर्भ में इसे सही माना जाना चाहिए? उत्तर प्रदेश या बिहार में इंडिया गठबंधन को बेहतर नतीजे मिले हैं, तो क्या उस पर जाति और धर्म वाला नैरेटिव लागू नहीं होना चाहिए? राजनीतिक पंडितों और इंडिया गठबंधन को इस पर सोचना चाहिए।

बहरहाल, ओडिशा और तेलंगाना के नतीजों तथा पंजाब, तमिलनाडु और केरल में भाजपा की बढ़त का संदेश साफ है। भाजपा कांग्रेस की तरह अखिल भारतीय पार्टी बन चुकी है तथा वह विभिन्न समुदायों में भी पैठ बना रही है। भाजपा की बुनियाद हिंदुत्व है, जिसे वह भारतीयता का प्राण बिंदु मानती रही है। इसी बुनियाद पर वह आगे बढ़ रही है।

# प्राइम वीडियो ने ताहिरा कश्यप की फिल्म शर्माजी की बेटी का पोस्टर किया जारी, प्रीमियर का भी किया ऐलान



बॉलीवुड एक्टर आयुष्मान खुराना की मल्टी टैलेंटेड पत्नी ताहिरा कश्यप इन दिनों अपनी अपकमिंग कॉमेडी फिल्म शर्माजी की बेटी को लेकर काफी चर्चा में हैं। इस फिल्म के जरिए वह पहली बार निर्देशन की दुनिया में कदम रख रही हैं। फिल्म के प्रीमियर को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। शर्माजी की बेटी का प्रीमियर 28 जून, 2024 से अमेजन प्राइम वीडियो पर होने जा रहा है। इस फिल्म में साक्षी तंवर, दिव्या दत्ता और सैयामी खेर लीड रोल में हैं, साथ ही वंशिका तपारिया, अरिस्ता मेहता, शारिब हाशमी और परवीन भी अहम किरदार निभाती नजर आएंगी। फिल्म शर्माजी की बेटी महिला सशक्तिकरण और उनके सामने आने वाली चुनौतियों पर आधारित कहानी है। हल्की–फुल्की और सादगी से भरपूर ये कहानी आपके दिलों को छू जाएगी। फिल्म पांच महिलाओं के जीवन पर आधारित है, जिनमें 3 मध्यवर्गीय महिलाएं और दो छोटी लड़कियां शामिल हैं। इन सबका एक ही सरनेम शर्मा है। उनके जेनरेशन गैप को दिखाते हुए फिल्म उनके यूनिक एक्सपीरियंस और संघर्षों को सामने लाती है। सोशल मीडिया पर रिलीज की घोषणा करते हुए निर्माताओं ने लिखा, साहसी दिल और बड़े सपने! क्या आप इन सुपरवुमेन से मिलने के लिए तैयार हैं प्राइम वीडियो इंडिया में कंटेंट लाइसेंसिंग के डायरेक्टर मनीष मेघानी ने कहा, यह फिल्म तीन एडल्ट महिलाओं के आपस में जुड़े सफर को दिखाती है, जिन्हें साक्षी, दिव्या और सैयामी ने शानदार ढंग से निभाया है। यह उनके संघर्षों, आकांक्षाओं और जीत को खूबसूरती से दर्शाती है। इसमें वंशिका और अरिस्ता की भी कहानी है, उनके टीनएज गर्ल्स से एडल्ट होने के एक्सपीरियंस को भी दिखाया गया है।

अप्लॉज एंटरटेनमेंट के मैनेजिंग डायरेक्टर समीर नायर ने कहा, ताहिरा के निर्देशन में बनी यह फिल्म कॉमेडी या ड्रामा से काफी आगे है। यह मध्यम वर्ग की महिलाओं और शहर की जिंदगी के अनुभवों का आईना है, जो महिलाओं की भावनात्मक गहराई और सहनशक्ति को खूबसूरती से दिखाती है। एलिप्सिस एंटरटेनमेंट के पार्टनर तनुज गर्ग और अतुल कस्बेकर ने कहा, यह फिल्म दर्शकों को तीन महिलाओं के जीवन के उतार–चढ़ाव भरे सफर पर ले जाती है, जो अपने–अपने अनूठे तरीकों से चुनौतियों का सामना करती हैं।

## स्पेन ने इटली को 1–0 से हराकर यूरो कप के राउंड 16 में जगह बनाई

गेल्सनकिर्चेन (जर्मनी), गेल्सनकिर्चेन (जर्मनी)। स्पेन ने गुरुवार रात इटली को 1–0 से हराकर यूरो कप ग्रुप बी में शीर्ष स्थान हासिल किया और साथ ही राउंड 16 में भी प्रवेश कर लिया। स्पेन को रिकार्डो कैलाफियोरी के दूसरे हाफ के शुरू में आत्मघाती गोल का भी फायदा मिला। इटली को शुरुआत में संकट का सामना करना पड़ा जब बाएं विंग पर निको विलियम्स के कुशल खेल ने पेड्री के लिए हैडर सेट किया। हालाँकि, जियानलुइगी डोनारुम्मा ने गेंद को बार के ऊपर से बाहर निकालते हुए एक शानदार बचाव किया। विलियम्स ने स्वयं दसवें मिनट में एक बेहतर मौका गंवा दिया, जब गोल के सामने अचिह्नित रहते हुए हैडर को बाहर मार दिया। स्पेन ने दबाव बनाना जारी रखा, जिससे अल्वारो मोराटा के कोणीय शॉट को रोकने के लिए डोनारुम्मा को फिर से एक्शन में आने के लिए मजबूर होना पड़ा। इसके बाद इटालियन कीपर ने फैबियान रुइज़ के लंबी दूरी के प्रयास को नाकाम करने के लिए अपनी बायीं ओर तेजी से गोता लगाया। रुइज़ के बाद में एक और शॉट को एलेसेंड्रो बैस्टोनी ने रोक दिया। फ़ेडरिको डिमार्को द्वारा बाईं ओर से किए गए कुछ विशेष हमलों के अलावा, इटली को स्पेन के पेनल्टी क्षेत्र में घुसने के लिए संघर्ष करना पड़ा।

# राशिद के खिलाफ अपने प्रदर्शन से खुश हूं : सूर्यकुमार यादव



ब्रिजटाउन (बारबाडोस), टी20 विश्व कप सुपर 8 मैच में अफगानिस्तान के खिलाफ 28 गेंदों पर 53 रनों की तूफानी पारी खेलने के बाद सूर्यकुमार यादव ने राशिद खान की जमकर तारीफ की और उन्हें दुनिया का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज बताया।

गुरुवार रात केंसिंग्टन ओवल में अपनी 53 रनों की पारी के दौरान, सूर्यकुमार ने राशिद की छह गेंदों पर 16 रन बनाए और अपनी टीम को 181/8 के मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। मैच के बाद दुनिया के नंबर–1 टी20 बल्लेबाज ने कहा कि उन्होंने एक ऐसे खिलाड़ी के खिलाफ आक्रमक रवैया अपनाया, जिसे वह दुनिया का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज मानते हैं। सूर्यकुमार ने कहा, मैंने पहले भी यह कहा है और मैं फिर से कहूंगा कि राशिद का सामना करना आसान नहीं है। वो दुनिया का सबसे अच्छा गेंदबाज है। आप उसे हावी नहीं होने दे सकते। आपको एक कदम आगे रहना होगा। लेकिन मैं उनके खिलाफ इस प्रदर्शन से खुश हूं। भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। हालांकि भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही। कप्तान रोहित शर्मा आठ रन बनाकर तीसरे ओवर में फज़लहक़ फारूकी का शिकार बने। विराट कोहली और ऋषभ पंत ने दूसरे विकेट के लिए 43 रन की साझेदारी की। पंत 11 गेंदों में चार चौकों की मदद से 20 रन बनाकर आउट हुए जबकि विराट नौवें ओवर में आउट हुए। विराट ने 24 गेंदों पर एक छक्के की मदद से 24 रन बनाये। शिवम दुबे ने सात गेंदों में 10 रन बनाए और अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान का तीसरा शिकार बने। राशिद ने इससे पहले पंत और विराट के महत्वपूर्ण विकेट झटके थे।

भारत ने आठ विकेट पर 181 रन का मजबूत स्कोर बनाया और फिर शानदार गेंदबाजी की बदौलत अफगानिस्तान को 20 ओवर में 134 रन पर समेट दिया।

# क्रू ने बनाया रिकॉर्ड, बनी 2024 में नेटफ्लिक्स पर सबसे ज्यादा देखी गई भारतीय फिल्म

इस साल कई फिल्में दर्शकों के बीच आईं, लेकिन क्रू ने बॉक्स ऑफिस पर खूब धमाका किया। न सिर्फ भारत में, बल्कि विदेशों में भी फिल्म ने जमकर कमाई की।उधर करीना कपूर, कृति सैनन और तब्बू की तिकड़ी ने भी दर्शकों का दिल जीत लिया।सिनेमाघरों के बाद फिल्म ने ओटीटी पर भी तहलका मचाया और अब यह नेटफ्लिक्स पर 2024 में सबसे ज्यादा देखी गई फिल्म बनकर उभरी है।

क्रू ने नेटफ्लिक्स पर फिल्म लापता लेडीज को भी पीछे छोड़ दिया है।इसे 10 जून से 16 जून तक 12 लाख लोगों ने देखा, जिससे 24 दिनों में इसके कुल व्यूज 1 करोड़ 79 लाख हो गए।उधर लापता लेडीज के नेटफ्लिक्स पर शीर्ष 10 में रहने के दौरान 1 करोड़ 71 लाख व्यूज थे। लिहाजा क्रू साल की सबसे ज्यादा देखी जाने वाली भारतीय फिल्म बन चुकी है, वहीं लापता लेड़ीज अब दूसरे पायदान पर आ गई है।

क्रू ने दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर 150 करोड़ से अधिक की कमाई की थी और 8 हफ्ते सिनेमाघरों में शानदार प्रदर्शन पूरा करने के बाद 24 मई को इसका नेटफ्लिक्स पर प्रीमियर हुआ।अपने प्रीमियर के पहले हफ्ते में फिल्म 54 लाख व्यूज बटोर चुकी थी।कुल मिलाकर क्रू ने न सिर्फ सिनेमाघरों में दर्शकों के बीच अपना जादू चलाया, बल्कि ओटीटी पर भी यह दर्शकों को लुभाने में कामयाब रही।

क्रू के निर्देशक राजेश ए कृष्णन हैं। एकता कपूर और रिया कपूर ने मिलकर फिल्म का निर्माण किया है। इसमें कपिल शर्मा और दिलजीत दोसांझ मेहमान भूमिका में हैं। क्रू की कहानी कोहिनूर एयरलाइंस में काम करने वाली 3 एयर होस्टेस गीता सेठी (तब्बू), जैस्मिन राणा (करीना) और दिव्या बाजवा (कृति) के इर्द–गिर्द घूमती है।

## बॉक्स ऑफिस पर फिल्म मुंज्या ने पार किया 60 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा

आदित्य सरपोतदार के निर्देशन में बनी फिल्म मुंज्या पिछले 2 सप्ताह से बॉक्स ऑफिस पर कब्जा किए बैठी है। यह फिल्म इस साल की सुपरहिट फिल्मों की सूची में अपना नाम दर्ज करवा चुकी है।मोना सिंह, अभय सिंह और शरवरी वाघ जैसे सितारों की उम्दा अदाकारी से सजी इस फिल्म की कहानी भी दर्शकों को खूब पसंद आ रही है।अब मुंज्या ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 60 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा पार कर लिया है। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, मुंज्या ने रिलीज के 12वें दिन यानी दूसरे मंगलवार 3.40 करोड़ रुपये का कारोबार किया,

# भारतीय कप्तान ने सूर्या–हार्दिक को दिया अफगानिस्तान पर जीत का श्रेय



ब्रिजटाउन (बारबाडोस), भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने गुरुवार को टी20 विश्व कप में सुपर–8 मुकाबले में अफगानिस्तान पर 47 रनों की जीत दर्ज करने के बाद सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पांड्या के बीच 60 रनों की साझेदारी को श्रेय दिया। दोनों बल्लेबाजों ने 11वें ओवर में मध्यक्रम में मिलकर पांचवें विकेट के लिए महत्वपूर्ण साझेदारी की और टीम को 150 रनों के पार पहुंचाया। सूर्यकुमार ने 28 गेंदों पर तीन छक्कों और पांच चौकों की मदद से 53 रनों की पारी खेली, जबकि हार्दिक पांड्या ने 32 रन बनाए, जिससे भारत ने 20 ओवर में 181/8 का स्कोर बनाया। रोहित ने मैच के बाद कहा, मुझे लगता है कि हर कोई जो मैदान पर आकर अपना काम कर रहा है, वह हमारे लिए महत्वपूर्ण है और हम इस पर ध्यान देते हैं। इसलिए हम इस बारे में बात करते रहते हैं कि अगर हर कोई अपनी भूमिका निभा सकता है, तो हम अपने लिए एक अच्छा मंच तैयार कर सकते हैं। उस समय सूर्या और हार्दिक की साझेदारी हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण थी क्योंकि हम लगातार विकेट खो रहे थे। इसलिए हमें किसी ऐसे खिलाड़ी की जरूरत थी जो क्रीज पर रहे। सूर्या ने हार्दिक पांड्या के साथ मिलकर ऐसा किया और अंत में यह एक शानदार साझेदारी रही। 182 रनों का पीछा करते हुए, जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह ने तीन–तीन विकेट चटकाए और अफगानिस्तान को 20 ओवरों में 134 रनों पर समेट दिया। बुमराह ने अपने चार ओवरों में 3–7 के शानदार आंकड़े के साथ वापसी की और रहमानुल्लाह गुरबाज (11), हजरतुल्लाह जजई (2) और नजीबुल्लाह जादरान (19) के महत्वपूर्ण विकेट लिए। रोहित ने कहा कि बुमराह अपनी भूमिका को अच्छी तरह समझते हैं और हमेशा चुनौती लेने के लिए तैयार रहते हैं।

## एक नजर

### कांग्रेसियों ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री का पुतला दहन कर सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन

श्रीनगर गढ़वाल : नगर कांग्रेस कमेटी ने शुक्रवार को यूजीसी नेट पेपर लीक मामले में केंद्रीय शिक्षा मंत्री का पुतला दहन कर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। कांग्रेसियों ने कहा कि नेट परीक्षा के पेपर लीक की जिम्मेदारी एनटीए से अधिक सरकार की है। उन्होंने जल्द से जल्द एनटीए को भंग करने की मांग की। नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सूरज घिल्डियाल ने कहा कि नेट यूजीसी जैसी परीक्षाओं को कराने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी एक एजेंसी के भरोसे है जिसके द्वारा कराई जा रही परीक्षाओं में लगातार धांधली और पेपर लीक जैसे मामले सामने आ रहें है। उन्होंने आारोप लगाया नीट और नेट जैसी महत्वपूर्ण परीक्षाओं को कराने में एनटीए लगातार असफल रही। उन्होंने नेट परीक्षा में भी अनियमितताओं के चलते गंभीर आरोप लगाए और तत्काल एनटीए को रद्द करने की मांग की। इस मौके पर सुरेन्द्र चौहान, सूरज सिंह नेगी, विरेन्द्र सिंह, शिवलाल, समीम अहमद, भगत सिंह डागर, रघुबीर सिंह आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### पीपीपी मोड़ से जल्द हट सकता है जिला अस्पताल

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी** : पिछले करीब तीन साल से पीपीपी मोड़ पर संचालित हो रहे पौड़ी जिला अस्पताल को फिर से वापस लेने की तैयारी जल्द हो सकती हैं। स्थानीय लोग काफी समय से जिला अस्पताल को पीपीपी मोड से हटाने की मांग कर रहे है। लोगों का कहना है कि जब से अस्पताल का संचालन पीपीपी मोड के तहत किया जा रहा है, अस्पताल में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है। शुक्रवार को विधायक पौड़ी राजकुमार पोरी के साथ ही अन्य जनप्रतिनिधियों ने स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत से इस संबंध में वार्ता की। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने स्वास्थ्य मंत्री को बताया कि यहां से रेफर केसों में इजाफा हो रहा है। मांग रखी गई कि इसे पीपीपी मोड़ से हटाया जाए ताकि लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं का पहले जैसे ही लाभ मिल सके। पौड़ी का जिला अस्पताल फरवरी 2021 से पीपीपी मोड में संचालित हो रहा है। इसे महंत इंद्रेश संचालित कर रहा है। अभी पीपीपी मोड़ का एमओयू दिसंबर 2024 तक का है। इसके साथ ही पाबौ और घंडियाल स्वास्थ्य केंद्र भी पीपीपी मोड पर संचालित हो रहे हैं।

### अभाविप ने फूंका एनटीए का पुतला

श्रीनगर गढ़वाल : नेशनल टेस्टिंग ऐजंसी (एनटीए) की ओर से आयोजित नीट और यूजीसी नेट परीक्षा में धांधली होने पर शुक्रवार को एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने बिड़ला परिसर गेट के सम्मुख एनटीए के खिलाफ प्रदर्शन किया। विरोध स्वरूप आक्रोशित छात्रों ने एनटीए का पुतला दहन किया। प्रदर्शन के दौरान विद्यार्थी परिषद के प्रदेश सहमंत्री अमन पंत ने कहा कि देश की माने जाने वाली परीक्षा करवाने वाले एजेंसी एनटीए में भी धांधली शुरू हो गई है। कहा कि परीक्षाओं में लगातार धांधली होने से लाखों छात्रों का भविष्य खराब हो रहा है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी में पेपर लीक होना शर्मसार करने वाली घटना है। छात्र नेता जसवंत सिंह राणा ने कहा कि 11 लाख से अधिक छात्रों ने 18 जून को यूजीसी नेट की परीक्षा दी लेकिन पेपर लीक की घटना के बाद से परीक्षा को रद्द कर छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

उन्होंने शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार से एनटीए को बर्खास्त कर विश्वसनीय एजेंसी को परीक्षा करवाये जाने की जिम्मेदारी सौंपने की मांग की। साथ ही दोषियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही करने की मांग भी की। प्रदर्शन करने वालों में महिपाल बिष्ट, हिमांशु भंडारी, आशीष पंत, अभिषेक अग्निहोत्री, विवेक धीरवाण, योगेश बहुगुणा, आशीष चौधरी, शुभम कुमार, सचिन रौथाण, जयदीप संदीप, अमन, दिलीप आदि शामिल रहे। (एजेंसी)

### लोगों ने घर, पार्क, स्कूल और पार्कों में किया योग

श्रीनगर गढ़वाल : श्रीनगर क्षेत्र में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। घरों, विद्यालयों, संस्थानों, पार्कों में हर कोई योग करता हुआ दिखाई दिया। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केन्द्रीय विश्वविद्यालय में योग विभाग के तत्वाधान एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण के संयोजन से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने जमकर योगाभ्यास किया। इस मौके वर्चुअल माध्यम से जुड़ी गढ़वाल विवि की कुलपति प्रो. अन्नपूर्णा नौटियाल ने कहा कि स्वस्थ और निरोग रहने के लिए योग को अपने दिनचर्या में अपनाने की जरूरत है।

# आरोग्य रहने के लिए योग बेहद जरूरी : डॉ. रावत

### रांसी स्टेडियम में आयोजित योग बना आकर्षण का केंद्र

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगा कार्यक्रम में लोगों ने बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया। इस दौरान योग प्रशिक्षकों द्वारा कपाल भाती, अनुलोम-विलोम, प्राणायाम, वज्रासन, ताड़ासन, योग ध्यान सहित विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास करते हुए उनके शरीर के लिए फायदे बताए। प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह के साथ योगाभ्यास में हिस्सा लिया और इसे अपने दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।शुक्रवार को शहीद जसवंत सिंह रावत रांसी स्टेडियम पौड़ी में कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने दीप प्रज्वलित कर योगा कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मंत्री डॉ. रावत ने योग के शारीरिक और मानसिक लाभों पर चर्चा करते हुए योग को जीवनशैली में शामिल करने को कहा। उन्होंने कहा कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को सुधारता है, बल्कि मानसिक शांति और आत्म-नियंत्रण भी प्रदान करता है। योग जीवन का वह दर्शन है जो मनुष्य को उसकी आत्मा से जोड़ता है। उन्होंने कहा कि आरोग्य रहने के लिए योग जरूरी है, जो कुछ आज योग कार्यक्रम में सिखाया गया है उसे जरूर अपने जीवन में अपनाएं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक डिग्री कॉलेज में एक-एक योग प्रशिक्षक की तैनाती की जाएगी और प्रदेश के 1800 वैलनेस सेंटरों में भी योग प्रशिक्षकों की तैनाती की जाएगी। स्थानीय विधायक राजकुमार पोरी ने कहा कि नियमित रूप से योग करना चाहिए, जिससे मन व शरीर स्वस्थ रह सकेगा। कहा कि इसी तरह हर रोज लोगों को अपने-अपने घरों में योग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि परिवार के सभी सदस्यों को भी योग के प्रति जागरूक करें। गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पांडे ने कहा कि योग हमारी सेहत के लिए बेहद फायदेमंद माना जाता है। यही वजह है कि लोग इसे लगातार अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना रहे हैं।



योग दिवस के अवसर पर योग का अभ्यास करते हुए कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत।

इसे करने से केवल शारीरिक ही नहीं, बल्कि मानसिक तौर पर भी कई सारे फायदे पहुंचते हैं। योग की इसी अहमियत को देखते हुए हर साल 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय विश्व योग दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष शांति देवी, पुलिस महानिरीक्षक करन सिंह नगन्याल, जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लोकेश्वर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पाण्डेय, संयुक्त मजिस्ट्रेट अनामिका सहित विभिन्न मंडलीय और जनपद स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# कांग्रेस ने फूंका केंद्र सरकार का पुतला

**जयन्त प्रतिनिधि**

कोटद्वार : नीट एवं नेट पेपर लीक मामलों पर केंद्र सरकार की ओर से प्रभावी कार्रवाई नहीं किए जाने पर आक्रोशित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केन्द्र सरकार का पुतला दहन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार के संरक्षण में ही युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

शुक्रवार को कांग्रेस कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष विनोद डबराल के नेतृत्व में तहसील चौक पर एकत्रित हुए। जहां पर कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतले को आग के हवाले किया। कहा कि वर्तमान में राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में हो रहे घोटालों से साबित हो रहा है कि सभी घोटाले केंद्र सरकार की शह पर हो रहे हैं। वहीं प्रदेश सरकार कोई भी नियुक्ति परीक्षा पारदर्शी तरीके से करवाने में असफल रही है। केंद्र सरकार भी पेपर लीक के आरोपियों पर कठोर कार्रवाई करने से बच रही है। कहा कि ऐसी सरकार को सत्ता में बने रहने का हक नहीं है।

प्रदर्शन करने वालों में रंजना रावत, रमेश चन्द्र खंतवाल, सतेन्द्र सिंह बिष्ट, दलीप सिंह रावत, राजेंद्र सिंह गुसांई, नईम अहमद, धर्मपाल बिष्ट, सूरज प्रकाश, मो. स्वाले, महावीर सिंह नेगी, विजय नेगी, विनोद नेगी, अंकुर केष्टवाल, कृपाल सिंह नेगी, प्रदीप नेगी, प्रवेश रावत, हयात सिंह मेहरा, गबर सिंह रावत, धीरेन्द्र सिंह, बृजपाल सिंह, सुधा असवाल, राजेन्द्र सिंह असवाल आदि शमिल थे।

# धूमधाम से मनाया अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस



**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** शहीद लांस नायक धनवीर सिंह राणा राजकीय कन्या इंटर कॉलेज कण्वघाटी में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ निवर्तमान पार्षद राकेश बिष्ट ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंजू कपरवाण ने सभी छात्राओं को योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया। साथ ही योग के फायदें बताएं। इस अवसर पर सावित्री रावत, किरन जागरवाल, अलका लिंगवाल, विजयपाल सिंह, चन्द्र प्रकाश, मनीष गुसाईं, मुनेश सिंह, सरगम, अंजलि, सोनाली, मुस्कान, महक, प्रेरणा, आरुषि आदि मौजूद थे।

# सुरक्षा दीवार के अभाव में खोह नदी में गिर रहा ट्रेंचिंग ग्राउंड का कूड़ा

### नोटिस मिलने के बाद भी निगम ने नहीं करवाया सुरक्षा दीवार का निर्माण

**जयन्त प्रतिनिधि कोटद्वार :** नगर निगम अपनी जिम्मेदारी को लेकर कितना लापरवाह है इसका प्रत्यक्ष उदाहरण गाड़ीघाट में खोह नदी के तट पर देखने को मिला रहा है। जहां सुरक्षा दीवार नहीं होने से ट्रेंचिंग ग्राउंड का कूड़ा लगातार खोह नदी में गिर रहा है। जबकि, पूर्व में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) का हवाला देते हुए उपजिलाधिकारी ने नगर निगम को नोटिस भी थमाया था। बावजूद निगम ने अब तक इस ओर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया। जबकि, कुछ सप्ताह बाद वर्षाकाल भी प्रारंभ होने वाला है।

गाड़ीघाट खोह नदी के तट पर बने ट्रेंचिंग ग्राउंड में प्रतिदिन चालीस वार्डों से उठने वाला सैकड़ों टन कूड़ा एकत्रित किया जाता है। कूड़े का ढेर नदी में न गिरे इसके लिए निगम ने सुरक्षा दीवार का भी निर्माण करवाया था। लेकिन, बीते वर्षाकाल में सुरक्षा दीवार खोह नदी की भेंट चढ़ गई। यही नहीं ट्रेंचिंग ग्राउंड का कुछ हिस्सा भी नदी अपने साथ बहाकर ले गई थी। क्षेत्र में बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा करने पहुंचे जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी को निगम की इस लापरवाही पर नोटिस देने के निर्देश दिए। नोटिस के जवाब में निगम ने नदी में कूड़ा न गिरे इसके लिए व्यवस्था बनाने के साथ ही वर्षाकाल थमने के बाद सुरक्षा दीवार बनवाने की बात कही थी। लेकिन, अब तक न ही मौके पर सुरक्षा दीवार बनाई गई और न ही कूड़े को रोकने के लिए कोई व्यवस्था नजर आ रही है। ऐसे में इस वर्षाकाल में भी ट्रेंचिंग ग्राउंड का कूड़ा खोह नदी में ही बहेगा।



सुरक्षा दीवार के अभाव में नदी में गिरता ट्रेंचिंग ग्राउंड का कूड़ा।

### अन्यत्र शिफ्ट हो ट्रेंचिंग ग्राउंड

गाड़ीघाट, कुंभीचौड़ के वाशिंदों ने नगर निगम व प्रशासन से आबादी के बीच संचालित हो रहे ट्रेंचिंग ग्राउंड को अन्यत्र शिफ्ट करने की मांग की है। क्षेत्रवासी महेंद्र पाल, संजय रावत ने कहा कि गर्मी के मौसम में ट्रेंचिंग ग्राउंड से लगातार दुर्गंध फैल रही है। जिससे आसपास के लोगों को संक्रामक बीमारियों का खतरा बना हुआ है। वहीं, ट्रेंचिंग ग्राउंड के समीप ही स्टेडियम व मुक्तिधाम भी संचालित हो रहा है। व्यवस्थाएं बेहतर बनी रहें इसके लिए ट्रेंचिंग ग्राउंड को शिफ्ट करने आवश्यक है।

# पुरातन छात्र मिलन समारोह में लोकगीतों पर झूमे लोग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

सतपुली : नगर पंचायत सतपुली के रामलीला प्रांगण में पहली बार हुए पुरातन छात्र मिलन समारोह में प्रदेश, देश और विदेश में रहने वाले पुरातन छात्रों ने शिरकत की। पहली बार हुए इस आयोजन को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला।

आज के इस आईटी के इस युग में जहां सभी एक दूसरे से व्हाट्सएप और फेसबुक या अन्य सोशियल मिडिया के माध्यम से जुड़े हुए हैं, लेकिन इस समारोह के आयोजन में एक अलग ही खुशी सभी के चेहरों में दिखाई दी। कार्यक्रम में लोक गायक सौरभ मैठाणी, शकुंतला बुड़ाकोटी, जीतू पहाड़ी ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। आयोजक जगदंबा डंगवाल ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि वह अने मित्रों की मदद से एक कुंज नयार घाटी ट्रस्ट बनायेगें। जिसमे सभी पुरातन छात्रों को जोड़ा जाएगा और पुरातन छात्रों के सुख दुःख में साथ रहेगी। ट्रस्ट के माध्यम से सभी की सहायता की जायेगी और यह ट्रस्ट सिर्फ सामाजिक कार्यों के लिए कार्य करेगा। कार्यक्रम का संचालन नरेश सुन्दरियाल ने किया। इस मौके पर उम्मेद सिंह रावत, नरेंद्र सिंह नेगी, जितेंद्र चौहान, हरीश सिंह, संजय मिश्रा, गजेंद्र रावत, हेमंत ममगांई, बलदेव रावत, सत्यनारायण वेदी, गोपाल अग्रवाल, कैलाश मियां, मनीष माहेश्वरी, प्रवीण पंवार, दीपक मिश्रा, मनीष खुगशाल स्वतंत्र, अनीता नैथानी, आशीष रावत, कुसुम खंतवाल, बीरेंद्र नेगी, जयदीप नेगी, मनीष रौतेला सहित सैकड़ों पुरातन छात्र मौजूद रहे।



### योग अनुदेशकों ने काली पट्टी बांधकर करवाया योग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : योग अनुदेशक महासंघ के आह्वान पर शुक्रवार को योग दिवस पर अनुदेशकों ने बांह पर काली पट्टी बांधकर मौन विरोध जताया। शुक्रवार को विभिन्न केंद्रों पर योग अनुदेशकों ने अपनी बांह पर काली पट्टी बांधकर योगभ्यास करवाया। पौड़ी में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत से भी अनुदेशकों ने इस संबंध में बातचीत की, जिस पर स्वास्थ्य मंत्री ने इस संबंध में जल्द ही वार्ता करने का आश्वासन दिया। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष कमल रावत ने बताया है कि योग अनुदेशक बेहद कम मानेदय पर विभाग में सेवाएं दे रहे हैं। महिला पुरुष अनुदेशकों के वेतन में भी असमानता है। इस संबंध में पूर्व में भी सरकार से वार्ता हुई, लेकिन कोई हल नहीं निकला। जिस पर शुक्रवार को विरोध स्वरूप बांह पर काली पट्टी बांधकर योग का अभ्यास किया गया।

# सड़कों से अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर सीएम को भेजा ज्ञापन

**जयन्त प्रतिनिधि**

कोटद्वार : पूर्व सैनिक संघर्ष समिति ने कोटद्वार की मुख्य सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करने की मांग उठाई है।

पूर्व सैनिकों ने कहा कि पिछले काफी समय से सड़कों से अतिक्रमण हटाने की मांग कर रहे है, लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। कहा कि सड़कों पर अतिक्रमण होने से हर समय दुर्घटना का खतरा बना रहता है।

शुक्रवार को समिति अध्यक्ष महेंद्रपाल सिंह रावत के नेतृत्व में पूर्व सैनिकों ने इस संबंध में उपजिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। महेंद्रपाल सिंह रावत ने कहा कि शहर के अंतर्गत पौड़ी नेशनल हाईवे, स्टेशन रोड, मालिनी मार्केट, गोखले मार्ग, गैराज रोड समेत सभी चौक चौराहों पर अतिक्रमण होने से दिन भर जाम की स्थिति बनी रहती है।

हाईकोर्ट के आदेश के बाद प्रशासन की ओर से पूर्व में अतिक्रमण चिह्नित कर लाल निशान लगाए गए थे, लेकिन अभी तक सभी अतिक्रमण नहीं हटाए गए। कहा कि प्रशासन की ओर से अतिक्रमण हटाने के नाम पर महज खानापूर्ति की जा रही है। ज्ञापन सौंपने वालों में देवेंद्र सिंह रावत, गोपाल सिंह, भरत सिंह, सुरेश पाल गुसाईं, सुभाष कुकरेती और शूरवीर खेतवाल आदि शामिल थे।

# योग को दैनिक जीवन में अपनाने का लिया संकल्प




**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** महर्षि कण्व योग समिति द्वारा ब्लेसिंग फार्म शिब्बूनगर और मवाकोट में बड़े उत्साह से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने योग को दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

मुख्य अतिथि बाल भारती प्रधानाचार्य गिरिराज सिंह रावत, गौरिया संरक्षक दिनेश कुकरेती ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मंच से योग का अभ्यास भपेंद्र नेगी, हेमलता सुंडली, सुषमा बिष्ट, मीना नेगी एवं भागेश्वरी रावत ने कराया। इस मौके पर बच्चों ने कठिन योगासनों की प्रस्तुति देकर सभी का ध्यान आकर्षित किया। इस दौरान हर्षमणि नौडियाल, मुख्य योग प्रशिक्षक नीरज नेगी, सोहनलाल भारद्वाज, देवेंद्र बिष्ट, बृजमोहन सिंह नेगी, अनूप नेगी, प्रेम सिंह नेगी, दर्शन काला, किरन तिवारी, सुनीता रावत, रामौतार शर्मा, कांति बिष्ट, रुचि कंडवाल, सरोज गौड़, बीना नेगी आदि मौजूद थे।

# योग रखता है शरीर और मन को स्वस्थ : ऋतु

### विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी ने किया योग

**जयन्त प्रतिनिधि कोटद्वार :** प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर मालवीय उद्यान और कैम्प कार्यालय पीडब्ल्यूडी में महिला मोर्चा भाजपा कोटद्वार द्वारा आयोजित योग शिविर में योगाभ्यास किया।

भारत स्वाभिमान न्यास की ओर से आयोजित योग कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए विस अध्यक्ष ने कहा कि योग का मानव जीवन में बहुत महत्व है। योग हमारे शरीर और मन को स्वस्थ रखता है।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और योग गुरु बाबा रामदेव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी इच्छा शक्ति से आज पूरे विश्व में योग का प्रचार-प्रसार हो रहा है। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के छात्रों, बड़ों और बुजुर्गों ने बड़ी संख्या में शिरकत की। इस मौके पर अध्यक्ष गौ सेवा आयो राजेंद्र अंथवाल, भगवती प्रसाद जुयाल, दिनेश जुयाल, योग शिक्षक ममता भंडारी, नगर अध्यक्ष भाजपा पंकज भाटिया, सुनीता कोटनाला, हरी सिंह पुंडीर, सिमरन बिष्ट, नीरूबाला खंतवाल, रामेश्वरी देवी, नीना बेंजवाल और विजय लखेड़ा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



# आरोग्य रहने के लिए योग जरूरी : राजवंशी

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** भक्त दर्शन राजकीय महाविद्यालय जयहरीखाल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान नमामि गंगे एवं एनसीसी के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में नेहरू युवा केन्द्र व एनएसएस के छात्र-छात्राओं द्वारा कपाल भाती, अनुलोम-विलोम, प्राणायाम, वज्रासन, ताड़ासन, योग ध्यान सहित विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास करते हुए उनके शरीर के लिए फायदे बताए।

इस मौके पर प्राचार्य प्रो. एलआर राजवंशी ने योग के शारीरिक और मानसिक लाभों पर बताते हुए योग को जीवन शैली में शामिल करने को कहा। उन्होंने कहा कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को सुधारता है, बल्कि मानसिक शांति और आत्म-नियंत्रण पर भी बल प्रदान करता है। कहा कि योग जीवन का वह दर्शन है जो मनुष्य को उसकी आत्मा से जोड़ता है। उन्होंने कहा कि आरोग्य रहने के लिए योग जरूरी है। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एसपी मधवाल ने कहा कि योग हमारी सेहत के लिए बेहद फायदेमंद माना जाता है। इसे करने से केवल शारीरिक ही नहीं, बल्कि मानसिक तौर पर भी कई सारे फायदे पहुंचते है। इस अवसर पर डॉ. पंकज कुमार, डॉ. वीके सैनी, डॉ. शुभम काला, डॉ. कृतिका क्षेत्री, डॉ. नेहा शर्मा, डॉ. विनीता देवी, राजीव रजवार, विमल रावत आदि उपस्थित थे।



जयहरीखाल महाविद्यालय में योग का अभ्यास करते हुए प्राध्यापक एवं छात्र।

### मलेथा के पास वाहन दुर्घटनाग्रस्त, हादसा टला

श्रीनगर गढ़वाल : विकासखंड कीर्तिनगर के अंतर्गत शुक्रवार सुबह करीब 2 बजे मलेथा के पास एक यात्री वाहन दुर्घटनाग्रस्त होकर नीचे खाई में जा गिरा। वाहन में सवार सभी यात्री सुरक्षित है। कीर्तिनगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक देवराज शर्मा ने बताया कि सुबह करीब 2 बजे रूद्रप्रयाग से देहरादून के ओर जा रही एक यात्री वाहन मलेथा के पास दुर्घटनाग्रस्त होकर सड़क ने नीचे जा गिरी। बताया कि वाहन में सवार 6 यात्री को किसी भी प्रकार की कोई चोटे नहीं आयी है। सभी यात्री कुछ ही देर बाद अपने गतव्य के लिए निकल गये थे। (एजेंसी)

# सुरक्षा कार्य तय समय में पूर्ण करें : ऋतु

**जयन्त प्रतिनिधि कोटद्वार :** विधानसभा अध्यक्ष व कोटद्वार विधायक ऋतु खण्डूडी भूषण ने शुक्रवार को पिछले वर्षा ऋतु के दौरान आपदा से ग्रसित स्थानों पर पहुंचकर सुरक्षा एवं निर्माण कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने मालन व सुखरो नदी में पोकलैंड, जेसीबी आदि मशीन की संख्या बढ़ाकर सुरक्षा कार्य में तेजी लाने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये। कहा कि सुरक्षा कार्य तय समय में पूर्ण करें। गत वर्ष के त्रासदी से सबक लेकर इस वर्ष की तैयारी कई महीने पहले से शुरू कर दी है। विस अध्यक्ष ने मालन और सुखरों नदी पर हो रहे चैनेलाइजिंग कार्य का निरीक्षण कर विभागीय अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये। विधानसभा अध्यक्ष ने बताया पिछली वर्षा में भारी बारिश के कारण कोटद्वार में कई जगह नुकसान हुआ है। लोगों के घर, जमीन इत्यादि बह गए थे। उन्होंने कहा कि इस बरसात में नुकसान न हो इसलिए खोह सहित अन्य नदियों और नालों में सुरक्षा दीवार बनाई जा रही है। विधानसभा अध्यक्ष ने मावाकोट से कण्वाश्रम तक बन रही इंटर लॉकिंग रोड का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य को गुणवत्ता के साथ जल्द से जल्द पूरा करने को कहा।

## एक नजर

### बदरीनाथ और सीमा चौकियों में योगभ्यास किया

चमोली। अंर्तराष्ट्रीय योग दिवस पर शुक्रवार को बदरीनाथ से लेकर भारत तिब्बत सीमा से लगी भारत की सीमा चौकियों, जिला मुख्यालय गोपेश्वर सहित पूरे जिले मे योगभ्यास किया गया।

श्री बदरीनाथ मंदिर सिंह द्वार के सामने मंदिर के बाह्य परिसर में योग कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें सभी सेना, आईटीबीपी, जिले के सरकारी विभागों, मंदिर समिति पुलिस प्रशासन, तीर्थपुरोहितों तीर्थयात्री महिला पुरूषों, बच्चों ने भी बढ़–चढ़ कर भाग लिया। योगाभ्यास में बदरीनाथ के रावल मुख्य पुजारी ईश्वरी प्रसाद नम्बूदरी बीकेटीसी के उपाध्यक्ष किशोर पंवार, यात्रा मजिस्ट्रेट संदीप कुमार, प्रभारी अधिकारी विपिन तिवारी, धर्माधिकारी राधाकृष्ण थपलियाल, मंदिर अधिकारी राजेंद्र चौहान, वेदपाठी रविंद्र भट्ट, ईओ नगर पंचायत सुनील पुरोहित, थाना प्रभारी नवनीत भंडारी, भूपेंद्र रावत, अवर अभियंता गिरीश रावत, विवेक थपलियाल आदि शामिल हुए। जिला मुख्यालय गोपेश्वर में पुलिस मैदान में विशाल योगभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने दीप प्रज्ज्वलित कर अंर्तराष्ट्रीय योग दिवस की शुरुआत की। इस अवसर पर प्रशासन के उच्च अधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक अमित कुमार सोनी, डीएसपी प्रमोद शाह, जिला आयुर्वेद अधिकारी, मुख्य शिक्षा अधिकारी समेत बडी संख्या में युवा, छात्र छात्राओं शामिल रहे।

### जनपद में आयोजित किए गए योग प्रशिक्षण शिविर

चमोली। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर चमोली में बदरीनाथ धाम और जिला मुख्यालय गोपेश्वर के साथ ही विभिन्न स्थानों पर योग प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए गए। शिविर में प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को योग प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी देने के साथ ही योगाभ्यास भी करवाया।गोपेश्वर में शुक्रवार को आयुर्वेदिक व यूनानी विभाग की ओर से गोपेश्वर पुलिस मैदान में योग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विभाग की ओर गोपेश्वर में बीती 15 जून से योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा था। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि योग व्यक्ति के शरीर में ऊर्जा का संचार होता है। जिससे व्यक्ति स्वस्थ शरीर के साथ ही ऊर्जा प्राप्त करता है। जिससे व्यक्ति की कार्य क्षमता में वृद्धि होती है। बताया कि जिले में बदरीनाथ धाम के साथ ही जिले के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में योग कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस मौके पर जिला आुयर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा. सुनील कुमार रतूड़ी ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आचार संहित के नियमों का अनुपालन करते हुए जनपद में कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।

### युवाओं के भविष्य को लेकर केंद्र सरकार तत्पर : भाजपा

देहरादून। भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि केंद्र सरकार प्रतियोगी युवाओं के भविष्य की रक्षा के लिए तत्पर है। उन्होंने कांग्रेस का प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन को भड़काऊकदम करार दिया है।

चौहान ने कहा कि यूजीसी नेट में धांधली की शिकायत मिलते ही केंद्र सरकार ने तत्काल परीक्षा रद्द करने का निर्णय लिया और सीबीआई जांच की संस्तुति की है। नीट को लेकर भी केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने आश्वस्त किया है कि किसी भी युवा के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा।उन्होंने कहा कि स्वस्थ प्रतियोगी वातावरण बनाने की दिशा में सरकार हर संभव कोशिश कर रही है। नई शिक्षा नीति भी उसी का हिस्सा है। कहा कि देश के बुद्धिजीवी और यहां तक कि विदेश में भी नई शिक्षा नीति को सराहा गया है, लेकिन कांग्रेस पुराने परिवेश से बाहर निकालना नहीं चाहती।चौहान ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा का प्रदेश में भर्ती घोटालों को लेकर दिए बयान को दृष्टिदोष बताया। कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने न केवल भर्ती घपलों पर विराम लगाया, बल्कि आरोपियों को सलाखों के पीछे भी भेजा। इसके साथ ही भविष्य में ऐसी संभावना न हो इसके लिए कड़ा नकल कानून भी बनाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि नेट और नीट की परीक्षा को लेकर कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व की चिंता सिर्फ आडंबर है और पेपरलीक के मुख्य आरोपी अपने सहयोगी दल राजग से संबंध को हटाने के लिए साज़िश मात्र है। घोटाले कांग्रेस की देन रही और कई मामलों में वह घोटालेबाजों के साथ भी रही।

# आयुक्त गढ़वाल ने जनता दरबार में सुनी लोगों की समस्याएं

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** आयुक्त गढ़वाल ने जनता दरबार में लोगों की समस्याएं सुनी। जनता दरबार में पौड़ी शहर के लोगों ने शहर में अतिक्रमण, पार्किंग, आवारा पशु, पेयजल, कूड़ा निस्तारण, नशाखोरी और जिला चिकित्सालय की असंतोषजनक स्वास्थ्य सेवा संबंधी समस्याओं को उठाया। इस दौरान दूरस्थ क्षेत्र के लोगों ने सड़क सुधारीकरण, सड़कों में सुगम जल निकासी हेतु नाली निर्माण व नाली सफाई, सड़क के पेंटिंग की खराब गुणवत्ता, जल जीवन मिशन के कार्यों की असंतोषजनक गुणवत्ता की शिकायत दर्ज कराई। इस दौरान एल.एन.टी. के सहयोग से आयुक्त ने 07 दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर वितरित भी की।



शुक्रवार को आयुक्त गढ़वाल मण्ड़ल विनय शंकर पाण्डेय की अध्यक्षता में जनपद मुख्यालय के कलेक्ट्रेट में जनता दरबार का आयोजन किया गया। उन्होंने लोगों की समस्याओं को सुना और उनके निराकरण का आश्वासन दिया। जनता दरबार में शहर के संभ्रांत नागरिकों ने पौड़ी शहर से जुड़ी हुई पेयजल, अतिक्रमण, पार्किंग, कूड़ा निस्तारण, आवारा पशुधन, असंतोषजनक चिकित्सा सेवा और पेयजल सप्लाई के बिलिंग से संबंधित समस्याएं सामने रखी। जिन पर आयुक्त ने उचित संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों से निर्धारित अवधि में इसका समाधान करने और कृत कार्यवाही से उनको अवगत कराने के निर्देश दिये। इस मौके पर नगर पालिका ईओ ने बताया कि कूड़ा निराकरण हेतु डंपिंग जोन स्थल का चयन कर डीपीआर शासन को प्रेषित की जा चुकी है। इस पर आयुक्त ने लोगों को बताया कि स्थानीय लोगों के समन्वय से यदि कोई उपयुक्त स्थल उपलब्ध हो जाता है तो डंपिंग जोन को उस स्थान पर बनाने पर भी विचार किया जा सकता है। अतिक्रमण मुक्ति के संबंध में आयुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन, व्यापार संघ, स्थानीय जनप्रतिनिधि और स्थानीय लोगों के समन्वय से अतिक्रमण चिन्हित करें। तत्पश्चात् जिला प्रशासन अतिक्रमण मुक्त की कार्यवाही पूर्ण करें। शहर की पेयजल समस्या के निराकरण के संबंध में अधीक्षण अभियंता जल संस्थान ने बताया कि 27 किमी. की पेयजन लाइन बन रही है तथा पौड़ी शहर की भविष्य में आबादी बढ़ने की संभावनाओं को देखते हुए श्रीनगर से पेयजल पंपिंग योजना की डीपीआर भी बनायी जायेगी। इस दौरान जनता दरबार में पुलिस महानिरीक्षक गढ़वाल करन सिंह नगन्याल, वन संरक्षक गढ़वाल आकाश कुमार वर्मा, जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लोकेश्वर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पाण्डेय, अपर निदेशक शिक्षा डॉ. एस.वी. जोशी, अपर जिलाधिकारी ईला गिरी, अर्थ एवं संख्याधिकारी मंडलीय शिल्पा भाटिया, संयुक्त मजिस्ट्रेट अनामिका, जिला विकास अधिकारी मनविन्दर कौर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## जिला पंचायतीराज अधिकारी रोस्टर जारी करें

जनता दरबार में शिकायत आयी कि ग्राम पंचायत और ग्राम विकास अधिकारी अपने–अपने क्षेत्रों में न रहकर केवल विकासखंड में रहकर कार्य कर रहे हैं। जिससे लोगों को अपने छोटे–छोटे कार्य कराने के लिए विकासखंड के चक्कर काटने पड़ रहे हैं तथा इससे उनका समय, धन और ऊर्जा अनावश्यक रूप से खर्च होती है। इस पर आयुक्त ने जिला पंचायतीराज अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी ग्राम पंचायत अधिकारी ग्राम विकास अधिकारी, मनरेगा जेई, मनरेगा सहायक इत्यादि कार्मिकों को तय दिवस में अपने–अपने अलग–अलग क्षेत्रों में बने रहने के लिए रोस्टर बनाने के निर्देश दिये। साथ ही सख्त चेतावनी दी कि अपने–अपने क्षेत्रों में निर्धारित अवधि में उक्त कार्मिक का न पाये जाने पर उसके विरुद्ध सख्त कार्यवाही अमल में लाएं।

## 2 जुलाई को लगेगा शिविर

जिला विकास प्राधिकरण से जुड़े भवन निर्माण व मानचित्र इत्यादि की स्वीकृति के पेंडिंग कार्यों को तत्काल निस्तारित करने के लिए आयुक्त ने शिविर लगाने के निर्देश दिये। जिस पर जिलाधिकारी ने तत्काल संज्ञान लेते हुए आगामी 02 जुलाई को इससे संबंधित कार्यों के लिए जिला मुख्यालय में शिविर लगाने को कहा। आयुक्त ने ग्राम पंचायत और ग्राम विकास अधिकारियों को अपने–अपने क्षेत्र में बनें रहने के लिए डीपीआरओ को रोस्टर जारी करने के निर्देश दिये।

## श्रीमहंत देवेन्द्र दास बोले योग को दिनचर्या में करे शामिल

देहरादून। श्री दरबार साहिब के सज्जादा गद्दीनशीन श्रीमहंत देवेन्द्र दास महाराज ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए योग को नित्य नियम में शामिल करने का आह्वान किया है। उन्होंने नित्य दिन की भांति श्री दरबार साहिब में प्रातः योगाभ्यास किया। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि हर आयु वर्ग के व्यक्ति को योग को अपने जीवन में शामिल करना चाहिए। आज के बदलते परिवेश में तनाव अनेक रोगों का कारण बन रहा है। योग साधना से मस्तिष्क व शरीर तनाव मुक्त रहते हैं, मानव अशांति व रोगों से बच सकता है। योग संतुलित जीवन जीने की कला सिखाता है। योग से व्यक्ति के विचार सात्विक होते हैं। शास्त्रों में मानव के लिए रोग मुक्ति से लेकर आत्म शुद्धि व दीर्घायु जीवन के लिए योग साधना को सबसे सशक्त माध्यम बताया गया है। योग केवल शारीरिक ही नहीं मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी बहुत लाभदायक है।

# पूरे यात्रा काल में यातायात नियमों का कड़ाई से पालन किया जाए: एसपी

रुद्रप्रयाग। पहाड़ की सड़कों पर यात्रा सीजन में चलने वाले वाहन चालकों पर अब पुलिस कड़ी निगरानी रखेगी। ऋषिकेश–बद्रीनाथ हाईवे पर रैतोली में हुई दुर्घटना के बाद पुलिस और भी सतर्क हो गई है। पूरे यात्रा काल में यातायात के नियमों का कड़ाई से पालन किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक विशाखा अशोक भदाणे ने जनपद में पुलिस को रात में विशेष निगरानी के निर्देश दिए हैं। बीते दिनों रुद्रप्रयाग( आरएनएस)। के रैतोली में हुई दुर्घटना में 15 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी। इस घटना के बाद पुलिस ने हाईवे पर चलने वाले वाहनों पर विशेष निगरानी बढ़ा दी है। पुलिस अधीक्षक विशाखा अशोक भदाणे ने यात्रा सीजन को जारी निर्देशों का पालन कराने के लिए पुलिस को बैरियरों पर सख्ती के निर्देश दिए हैं। चालक की ओवरस्पीड, शराब के नशे, नींद पूरी न होना, सफर चलने की दूरी को लेकर जानकारी मांगने, वाहनों में सवार यात्रियों की संख्या की जांच करना आदि को लेकर निर्देशित किया है। एसपी ने कहा कि यात्रा को लेकर हर साल जारी गाइड लाइन का पूरे यात्रा काल में पालन कराया जाएगा। ताकि सड़क दुर्घटना पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। बीते दिनों जिस तरह वाहन चालक की लापरवाही से हादसा हुआ ऐसा भविष्य में न हो इसके लिए बैरियरों पर चालकों की मनोदशा के साथ ही उसके प्रतिदिन चलने की दूरी को लेकर भी जानकारी ली जाएगी।

## नीट और नेट पेपर लीक मामले में सड़क पर उतरी कांग्रेस

देहरादून। नीट विवाद के बाद नेट पेपर लीक सामने आने पर कांग्रेस ने शुक्रवार को देहरादून में प्रदर्शन किया। एस्लेहाल चौक पर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और पुतला फूंका। परीक्षाओं में गड़बड़ी को युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करार दिया। परीक्षाओं में गड़बड़ी को लेकर कांग्रेस ने देशव्यापी प्रदर्शन का आह्वान किया था। इस पर शुक्रवार को देहरादून में महानगर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ.जसविंदर सिंह गोगी की अगुवाई में पार्टी कार्यकर्ताओं और अनुषांगिक संगठनों के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। गोगी ने कहा कि भाजपा सरकार युवाओं को रोजगार देने में विफल रही है, अब लगातार पेपर लीक हो रहे हैं। लाखों छात्रों के साथ धोखा हो रहा है। वह सालभर पढ़ने के बाद पेपर देने जा रहा है और अगले तीन पेपर लीक की बात सामने आने से उनका मनोबल टूट रहा है।

# सीडीओ कमठान की अध्यक्षता में हुई त्रैमास प्रगति की समीक्षा बैठक

देहरादून। जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में आज ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में मुख्य विकास अधिकारी सुश्री झरना कमठान की अध्यक्षता में जिला सलाहकार समिति/जिला–स्तरीय समीक्षण समिति मार्च 2024 तक त्रैमास प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित रोजगारपरक/ जनकल्याण कारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।



मुख्य विकास अधिकारी ने बैंकों को सीडी रेसियो बढाने तथा 40 प्रतिशत् से कम सीडी रेसियो वाले बैंकों को अपने स्तर पर समीक्षा करते हुए अगली बैठक में सीडी रेसियो कम रहने के कारण तथा सीडी रेसियो को बढाने हेतु एक्शन प्लान प्रस्तुत करने के निर्देश। उन्होंने बैकों को रिकवरी बढाने तथा आरसी जारी करने के उपरान्त उसकी प्रभावी पैरवी करने एवं राजस्व वसूली हेतु तहसील से समन्वय करने के निर्देश दिए। उन्होंने बैंको शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागों को बैंको से समन्वय कर योजनाओं की शत्प्रतिशत् प्रगति बढाने तथा कृषि एवं उद्यान विभाग को बैंको से समन्वय कर योजनओं की प्रगति बढाते के निर्देश दिए।

प्रबन्धक जिला अग्रणी बैंक संजय भाटिया ने अवगत करया कि वार्षिक ऋण योजना वर्ष 2023–24, मार्च 2024 तक निर्धारित वार्षिक लक्ष्य रू0 7481.20 करोड़ के सापेक्ष उपलब्धि रू0 8866.37 करोड़ रही जो कि निर्धारित लक्ष्य का 118.52 प्रतिशत् है। कृषि क्षेत्र में 103.48 प्रतिशत, एम.एस.एम.ई 131.28 प्रतिशत, शिक्षण ऋण 34.49 प्रतिशत, अन्य प्राथमिक क्षेत्र में 67.65 प्रतिशत् रही।

# चन्द्रदीप्ति के 12वें अंक का हुआ लोकार्पण

**जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग :** स्कूली बच्चों व नये लेखकों सहित प्रतिष्ठित साहित्यकारों को सामाजिक, सांस्कृतिक एवं साहित्य जगत की सकारात्मक अभिव्यक्ति की अर्धवार्षिक पत्रिका ह्यचंद्रदीप्तिह्न के 12वें अंक का लोकार्पण किया गया। शुक्रवार को पत्रिका के प्रधान कार्यालय विजयनगर अगस्त्यमुनि में आयोजित कार्यक्रम में पत्रिका के संरक्षक बृजमोहन चंद्र भट्ट और चंद्रकला देवी भट्ट ने कहा कि पत्रिका के प्रकाशन का प्रमुख उद्देश्य पहाड़ के उन उदीयमान लेखक प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है, जो साहित्य के क्षितिज में कदम बढ़ा रहे हैं। प्रधान संपादक विनोद प्रकाश भट्ट, सह संपादक कमल कमलेश कुमार पांडे, समन्वय संपादक मनमोहन भट्ट, प्रकाशक एवं मुद्रक वंदना भट्ट, पंकज भट्ट, गौरा देवी भट्ट ने एक सादे समारोह में पत्रिका का विमोचन करते हुए कहा कि चन्द्रदीप्ति लगातार साहित्य जगत की प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में स्थान बना रही है। समन्वय सम्पादक मनमोहन भट्ट ने बताया कि विगत छः वर्षों से पत्रिका का प्रकाशन अविरल रूप से किया जा रहा है। प्रधान सम्पादक विनोद प्रकाश भट्ट ने कहा कि पत्रिका को देश में ही नहीं वरन विदेशों से अप्रवासी भारतीयों का प्यार व सम्मान लगातार मिल रहा है। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया के इस युग में जबकि प्रिंट पत्रिकाओं का प्रकाशन पाठकों की उपेक्षा से दम तोड़ने के कगार पर है ऐसे में चन्द्रदीप्ति की बढ़ती प्रसार संख्या सुखद अनुभूति देती है। समारोह में बाल लेखक अभिषेक, रुद्राक्ष, आदर्श सहित अन्य कई साहित्यकार उपस्थित रहे।




## शराब के साथ तीन गिरफ्तार

रुद्रप्रयाग। जनपद में पुलिस की एसओजी टीम ने शुक्रवार को अवैध शराब के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उक्त लोगों पर आबकारी ऐक्ट में मुकदमा दर्ज अग्रिम कार्यवाही की है। सूचना पर एसओजी प्रभारी मनोज नेगी के नेतृत्व में टीम ने थाना सोनप्रयाग ने त्रियुगीनारायण रोड पास स्थित खेत से दो लोगों 8 पेटी अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। जिनके विरुद्ध आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में अभियोग दर्ज कराया गया। एसओजी टीम के निरीक्षक मनोज नेगी, उपनिरीक्षक विपिन चंद्र, कांस्टेबल कृष्णानंद सेमवाल, विनय पंवार एवं शिव सिंह शामिल थे। जबकि थाना गुप्तकाशी ने फाटा में पुलिस ने चेकिंग के दौरान जीत बहादुर शाही निवासी ग्राम रांचुली बड़ा नगर पालिका तिला गुफा अंचल कर्णाली जिला कालीकोट नेपाल, हाल पता रामपुर से 18 बोतल बरामद की गई। संबंधित के विरुद्ध आबकारी ऐक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया।

# धुमाकोट में जिला बनाने की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** जसवंतगढ़ जिला संघर्ष समिति ने जसवंतगढ़ नाम से नया जिला बनाने की मांग को लेकर को प्रदर्शन किया। कहा कि क्षेत्र की जनता कई सालों से जिला बनाने की मांग कर रही है, लेकिन अभी तक इस ओर कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई है, जिस कारण क्षेत्र की जनता में रोष व्याप्त है। इस दौरान लोगों ने धुमाकोट तहसील में प्रदर्शन कर एसडीएम के माध्यम से सीएम को ज्ञापन भी भेजा।

शुक्रवार को जसवंतगढ़ जिला संघर्ष समिति ने धुमाकोट तहसील में प्रदर्शन किया। इस दौरान समिति के लोगों ने कहा कि पौड़ी गढ़वाल के 5 ब्लाकों नैनीडांडा, रिखणीखाल, बीरोंखाल, पोखड़ा, थलीसैंण, लैंसडौन तहसील क्षेत्र और अल्मोड़ा जिले के सल्ट ब्लाक को मिलाकर नया जिला बनाने की मांग पिछले तीन दशकों से उठाई जा रही है, लेकिन आज तक इस ओर कोई कदम नहीं उठाए गए है। कहा कि यह क्षेत्र पूरा सैन्य बाहुल्य है। इस क्षेत्र के हजारों लोग गढ़वाल राइफल, कुमाऊं रेजिमेंट सहित सेना के विभिन्न कोरों में कार्यरत है और हजारों की संख्या में सेवानिवृत्त पूर्व सैनिक है। कहा कि राइफलमैन जसवंत सिंह रावत ने भारत-चीन युद्ध में अपने अद्धम्य साहस का परिचय देते हुए अपना बलिदान दे दिया था। कहा कि उत्तराखंड के इस भूभाग के ऐतिहासिक, सामाजिक और भौगोलिक महत्व को और इसके पिछड़ेपन को देखते हुए जसवंतगढ़ जिले का गठन किया जाना जरूरी है। प्रदर्शन करने वालों में समिति के अध्यक्ष राजदर्शन सिंह रावत, सचिव उपदेश बिष्ट, आरपी ध्यानी, आलम सिंह रावत, रामरतन सिंह नेगी, जीएस नेगी, किरन नौगाई, गबर सिंह बिष्ट, आलम सिंह रावत, शिशुपाल सिंह रावत, महेंद्र कंडारी, सुरेंद्र सिंह आदि शामिल थे।

# वाल्मीकि चौक का निर्माण भूमि पूजन के साथ शुरू



नई टिहरी। नई टिहरी में पोस्ट आफिस के वाल्मीकि चौक बनाने के लिए टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय ने भूमि पूजन कर कार्य का शुभारंभ किया। इस मौके पर विधायक ने कहा कि ऋषि वाल्मीकि को समर्पित चौक का नियमित निर्माण किया जायेगा। चौक के सौंदर्यीकरण के लिए हर संभव मदद भी की जायेगी। इस मौके पर वाल्मीकि समुदाय के लोगों ने चौक निर्माण के लिए विधायक सहित भाजपा संगठन का आभार जताया। मौके पर अबरार अहमद, विधायक किशोर, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल, प्रमुख सुनीता, लवली, मंडल गोपी राम चमोली, विशाल विरला, प्रिंस, मस्ता नेगी, विजय कठैत, सतीश नौटियाल, जीतराम, चंद्रपाल परमार, रवि कुमार, राकेश लवली, सुरेंद्र, सोनू, संजय, सुनील आदि मौजूद रहे।

## योगाभ्यास के बाद जनपद के सभी थाना–चौकियों में स्वच्छता अभियान चला

रुद्रप्रयाग । पुलिस अधीक्षक डॉ. विशाखा अशोक भदाणे के नेतृत्व में शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन रतूड़ा में योगाभ्यास किया गया। जबकि जनपद के सभी थाना–चौकियों में योगाभ्यास के बाद स्वच्छता अभियान चलाया गया।

चौकी केदारनाथ सहित यात्रा पड़ाव की सभी चौकियों पर नियुक्त कर्मियों द्वारा योगाभ्यास किया गया। इस मौके पर एसपी ने कार्मिकों को योग के महत्व को बताया। इस मौके पर पुलिस उपाधीक्षक रुद्रप्रयाग। प्रबोध कुमार घिल्डियाल, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन विकास पुण्डीर, केदारनाथ धाम में अपर पुलिस अधीक्षक वीर सिंह, चौकी प्रभारी केदारनाथ मंजुल रावत मौजूद थे।

वहीं अगस्त्यमुनि में हेल्पऐज इंडिया के केदारघाटी के गांव गिंवाला में वायोदय परियोजना में बुजुर्गों के लिए एक योग सत्र का आयोजन किया गया।

# योग हमें स्वावलंबन की सनातन परंपरा से जोड़ता है : महाराज

**जयन्त प्रतिनिधि। अल्मोड़ा :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जहां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जनपद पिथौरागढ़ के सुदूरवर्ती क्षेत्र पार्वती कुंड, आदि कैलाश में योगाभ्यास किया तो वहीं दूसरी ओर प्रदेश के वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने अल्मोड़ा, नगर पालिका के समीप स्थित रामलीला मैदान में योग दिवस के कार्यक्रम में शामिल होकर प्रदेशवासियों को योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए जीवन में योग की महत्वत्ता की जानकारी देने के साथ-साथ स्वंय भी योगाभ्यास किया।प्रदेश के वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने अल्मोड़ा, नगर पालिका के समीप स्थित रामलीला मैदान में योग दिवस के कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए कहा कि योगः कर्मसु कौशलम! यानी-कर्मों की कुशलता ही योग है। या यूं कहें, कि योग वह विधा है जो हमारे कर्मों में कुशलता लाता है। हमें आत्मनिर्भर बनाता है। हमारा स्वाभिमान बढ़ाता है। योग हमें स्वावलंबन की सनातन परंपरा से जोड़ता है।



# नवनिर्मित नागराजा मंदिर में हुई राधा और कृष्ण की भव्य मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा

नई टिहरी। प्रतापनगर ब्लॉक की उपली रमोली पट्टी के ग्राम घोडपुर में नवनिर्मित नागराजा मंदिर में शुक्रवार को राधा और कृष्ण की भव्य मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। वैदिक मंत्रोच्चार से पंडितों ने विशेष पूजन और हवन के बाद मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की। लोगों ने मूर्ति के दर्शन कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। बता दें कि बीते 16 जून को घोड़पुर के ग्रामीणों ने आराध्य देवताओं को गंगोत्री धाम ले जाकर स्नान कराया गया। 17 जून से पांच दिवसीय मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा, हवन यज्ञ कार्यक्रम का शुक्रवार को समापन हुआ। कुल पुरोहित हरि प्रसाद भट्ट, आचार्य हरिप्रसाद ने पूजन कार्यक्रम संपन्न कराया। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष व क्षेत्र पंचायत सदस्य राकेश राणा ने मंदिर की कार्यक्रम में उपस्थित होकर आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि देवत्व वाले कार्य में सभी को मिलकर सहयोग करना चाहिए। कहा कि उत्तराखंड देवभूमि है। यहां कण–कण में भगवान बसते हैं। सेम नागराजा क्षेत्र के आराध्य देव हैं। गांव–गांव में उनके मंदिर बने हुए हैं। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य रेखा असवाल, ग्राम प्रधान बलबीर सिंह राणा, ओनालगाव के प्रधान नत्थी सिंह राणा, खंबाखाल के प्रधान राजेंद्र प्रसाद बहुगुणा, भगवान सिंह नेगी, जोत सिंह नेगी, मुकंद नेगी, मनोज नेगी, शूरवीर नेगी, प्रताप नेगी, विजयपाल नेगी, जग मोहन नेगी, राजपाल नेगी, संजय नेगी मौजूद रहे।

## वाहन दुर्घटना की मजिस्ट्रियल जांच एसडीएम कर्णप्रयाग को सौंपी

चमोली। कर्णप्रयाग तहसील के बद्रीनाथ हाइवे पर उमराकोट बेडाणू की सीमान्तर्गत 07 जून की रात्रि एक बोलेरो, वाहन संख्या यूके टीए 2301 दुर्घटनाग्रस्त हो गया था । जिसमें सवार दोनों व्यक्तियों की मौके पर मौत हो गयी थी। जिला मजिस्ट्रेट हिमांशु खुराना के आदेशों के क्रम में इस दुर्घटना की मजिस्ट्रीयल जांच उप जिलाधिकारी कर्णप्रयाग को सौंपी गयी है।

जांच अधिकारी/उप जिला मजिस्ट्रेट कर्णप्रयाग संतोष कुमार पाण्डेय ने बताया कि इस दुर्घटना के संबंध में कोई व्यक्ति किसी प्रकार के साक्ष्य या जानकारी रखता है या सूचना देना चाहता है। वह लिखित, मौखिक रूप 15 दिन के अन्दर मेरे कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं।

# बद्रीनाथ विस सीट पर उप चुनाव के लिए 5 प्रत्याशियों ने नामांकन किए

चमोली। बद्रीनाथ विधानसभा उप चुनाव के लिए प्रत्याशियों को लेकर तस्वीर लगभग साफ हो गई है। उप चुनाव के लिए कुल 05 प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। रिटर्निंग आफिसर आरके पांडेय ने बताया कि उप चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन 04 प्रत्याशियों ने नामांकन प्रपत्र जमा किए है।

इसमें कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार लखपत सिंह, सैनिक समाज पार्टी के हिम्मत सिंह नेगी, निर्दलीय प्रत्याशी नवल किशोर खाली और बच्ची राम शामिल है। भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार राजेंद्र सिंह भंडारी पहले ही नामांकन कर चुके है। इस प्रकार बद्रीनाथ विधानसभा उप चुनाव के लिए कुल 05 प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। आगामी 24 जून को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी और 26 जून तक नाम वापस लिया जा सकता है। उप चुनाव के लिए विधानसभा बद्रीनाथ सीट पर 10 जुलाई को मतदान और 13 जुलाई को मतगणना होनी है।



जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222393
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com